प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



बंगाल-संघ का बढ़ता जनाधार सुनिश्चत करेगा भाजपा की जीत? पेज- 2

www.newswani.in

नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराएं होमगार्ड परीक्षा : डीएम पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 122 गुरुवार 23 अप्रैल 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# काबा नहीं, मां कालीबाड़ी से है बंगाल की पहचान,जोरासांको में गरजे सीएम योगी

## भ्रष्टाचार-बेरोजगारी पर ममता बनर्जी को घेरा

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को चुनाव परिणाम आने पर राज्य में भाजपा का भगवा ध्वज लहराएगा। सभा में बड़ी संख्या में समर्थक योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैंष लिखे पोस्टर लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में भाजपा करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने जा रही है और राज्य में परिवर्तन की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता और



जनता को अपने वोट का सही इस्तेमाल करने की अपील की। योगी ने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। साथ ही इशारों में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्हें बुआ–भतीजा बताते हुए कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जोरासांको स्थित रवींद्र नाथ टैगोर की ठाकुरबाड़ी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, वहां टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर लगा दी, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है। योगी ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कभी रोजगार के लिए देशभर के लोग बंगाल आते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। उनके अनुसार, बीते वर्षों में हजारों उद्योग और एमएसएमई इकाइयां बंद हो चुकी हैं और लाखों युवा बेरोजगार हो गए हैं। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के कानून–व्यवस्था मॉडल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी में अराजकता थी, लेकिन अब राज्य नो कर्फ्यू, नो दंगा की स्थिति में है और धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उनकी संपत्तियों पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए हैं। सभा के अंत में मुख्यमंत्री ने जोरासांको से विजय ओझा, मानिकतला से तापस रॉय, चौरंगी से संतोष पाठक, श्यामपुकुर से पूर्णिमा चक्रवर्ती, बेलेघाटा से पार्थ चौधरी और एंटाली से प्रियंका टिबरेवाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ष्डबल इंजन सरकार ही विकास और विरासत दोनों को सुरक्षित रख सकती है और बंगाल को फिर से सोनार बांग्ला बनाने का समय आ गया है।

# भारत कभी आतंक के आगे नहीं झुकेगा, पहलगाम हमले की पहली बरसी पर पीएम मोदी का सीधा सदेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में पिछले साल हुए आतंकी हमले की पहली वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने भावुक संदेश में उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष



नागरिकों को कभी भुलाया नहीं जाएगा। साथ ही, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त संदेश भी दिया है। मोदी ने कहा, "भारत आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा रहेगा। आतंकियों के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।" प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि, "आज ही के दिन पहलगाम में आतंकियों के कायरतापूर्ण हमले में जान गंवाने वाले लोगों को याद कर रहा हूं। उन सभी को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। देश के रूप में हम इस दु:ख और संकल्प में एकजुट हैं। भारत कभी भी आतंकवाद के आगे झुकेगा नहीं, और आतंकियों के नापाक इरादे कभी पूरे नहीं होंगे। वहीं, भारतीय सेना ने भी आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया है। सेना ने सोशल मीडिया पर लिखा, "भारत के खिलाफ किए गए हर कृत्य का जवाब मिलेगा। न्याय निश्चित है कृ हमेशा।" इसके साथ ही, सेना ने ऑपरेशन महादेव का ग्राफिक्स भी साझा किया, जिसमें बताया गया है कि कैसे पहलगाम में आतंकियों का सफाया किया गया। बता दें कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। आतंकियों ने बैसरन घाटी में पर्यटकों को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान गई और कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया गया।

# राहुल गांधी ने पहलगाम हमले की बरसी पर दी श्रद्धांजलि, बोले- आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर बुधवार को पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट है और नफरत एवं डर



के सामने कभी नहीं झुकेगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आतंकवाद के हर कृत्य के खिलाफ भारत दृढ़ एवं एकजुट है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा ने पिछले वर्ष आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम में पिछले वर्ष हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए सभी वीरों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका बलिदान और उनके परिवारों की पीड़ा को न कभी भूलेगा, और न ही इस कायराना कृत्य के दोषियों को कभी माफ करेगा। उनका कहना था, बेरहमी से छीनी गयी मासूम जिंदगियों की याद आज भी हमारे दिलों को झकझोरती है। शहीदों के परिवारों का दु:ख हम सब का दु:ख है। देश के उन बेटों की शहादत भारत की आत्मा में सदा अमिट रहेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ पूरा देश एकजुट था, है और हमेशा रहेगा। राहुल गांधी ने यह भी कहा, नफरत और डर फैलाने वाली ताकतों के सामने भारत कभी नहीं झुकेगा, हम और अधिक मजबूती, एकता और संकल्प के साथ इसके विरुद्ध खड़े रहेंगे। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्2025 में आज के ही दिन पहलगाम आतंकी हमले के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही माफ करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। उन्होंने कहा, हम अपने बहादुर सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान दृढ़ संकल्प और धैर्य के साथ लड़ाई लड़ी। हम सीमा पर अपने उन नागरिकों को भी याद करते हैं जिन्होंने सीमा पार से गोलाबारी के कारण अपनी जान गंवा दी। उनका बलिदान राष्ट्र की चेतना में अंकित है। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की भावना आतंकवाद के हर कृत्य के खिलाफ दृढ़ और एकजुट है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर दुख जताया और कहा कि इस हमले से ठीक पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भड़काऊ बयान दिया था, लेकिन अब पाकिस्तान ने वैश्विक प्रतिष्ठा हासिल कर ली है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति की विफलता दर्शाता है। रमेश ने यह भी कहा कि विदेश नीति में बदलाव की जरूरत है, लेकिन प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद सभी बहादुर भारतीयों को भावभीनी श्रद्धांजलि एवं नमन। इस हमले में हमारे निहत्थे–निर्दोष लोगों को बेरहमी से मारा गया, जो कि मानवता के खिलाफ अपराध था। भारत न कभी इसे भूलेगा और न ही ऐसा करने वाले अपराधियों को माफ करेगा। उन्होंने कहा कि हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ पूरा भारत सदैव एकजुट था और रहेगा।

# पप्पू यादव के बयान पर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी, कहा-शर्मनाक और बेहद घटिया

(एजेंसी) नई दिल्ली। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे वो तमाम नेताओं के निशाने पर आ गए हैं, हर तरफ उनके बयान की तीखी आलोचना हो रही। इसके साथ ही उन्हें बिहार राज्य महिला आयोग की तरफ से नोटिस भी भेजा गया है। सबसे पहले आपको उस बयान के बारे में बताते हैं कि आखिर ऐसा क्या कहा था सांसद ने जिसकी वजह से वो विवादों में आ गए। दरअसल सांसद पप्पू यादव ने हाल ही में राजनीति में महिलाओं की भूमिका और नेताओं के आचरण को लेकर दावा किया कि आज के समय में ज्यादातर महिलाएं किसी पुरुष राजनेता के बेड पर कुछ समय बिताए बिना राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जनीति में महिलाओं के लिए बिना किसी समझौते के आगे बढ़ना लगभग असंभव बना दिया गया है उन्होंने कहा ' घरेलु हिंसा कौन कर रहा है, महिलाओं 'गिद्ध दृष्टि'किसकी है, अमेरिका से लेकर भारत। इसका जवाब वो खुद ही देते हैं नेताओं की। उन्होंने कहा कि 90 परसेंट महिला नेता के रूम में गए बिना राजनीति नहीं कर सकतीं। पप्पू यादव के इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। लोग उनके इस बयान की निंदा करते हुए जमकर निशाना साध रहे हैं। शिवसेना यूबीटी की पूर्व सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा इसके बेहद शर्मनाक और घिनौना करार दिया। सोशल मीडिया पर उन्होंने पप्पू यादव का वीडियो शेयर किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'लोकसभा सांसद पप्पू यादव की यह टिप्पणी बेहद शर्मनाक, घृणित और घिनौनी है। इसी बीमार मानसिकता के कारण हजारों लोग राजनीति में महिलाओं की आलोचना करते हैं और उन्हें चुप कराने के लिए मानहानि और चरित्र हनन का इस्तेमाल करते हैं। वहीं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी सांसद पप्पू यादव के बयान पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस तरह का बयान हमारे देश की संस्कृति और परंपराओं के लिए पूरी तरह से गलत है. उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से महिलाओं की छवि को भी ठेस पहुंचती है। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, चाहे वो किसी भी पार्टी के हों। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने वाले किसी भी व्यक्ति को समाज में स्वतंत्र रूप से जीने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और पुलिस को इस मामले में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बीच पप्पू यादव के इस बयान का संज्ञान बिहार राज्य महिला आयोग ने भी लिया है। राज्य महिला आयोग ने उनके खिलाफ नोटिस जारी किया है। सांसद को जवाब देने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया है। यह नोटिस महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा की ओर से नोटिस जारी हुआ है। नोटिस में आयोग की अध्यक्ष की तरफ से कहा गया है 'सोशल



मीडिया के माध्यम से एक प्रसारित वीडियो में राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के प्रति आपके द्वारा घृणित बयान दिया गया है, जिसमें आपके द्वारा यह बात कही गई है कि राजनीति में कार्य कर रही महिलाएं किसी न किसी राजनेताओं के साथ बेड शेयर करके ही आती हैं। यह बयान महिलाओं के आत्मसम्मान एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है'। इसके आगे नोटिस में कहा गया है 'इस पर बिहार राज्य महिला आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए आपसे यह जबाव की मांग करता है कि आपके द्वारा इस तरह की घृणित बयान क्यों दिया गया? साथ ही क्यों नहीं आपके खिलाफ लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से अनुशंसा की जाए? अतः उक्त घृणित बयान के संबंध में स्पष्ट जवाब पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसे अत्यावश्यक समझा जाए'।

# ममता बनर्जी के कामों से खतरे में लोकतंत्र

## -बंगाल चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में चुनावी शोर के बीच सुप्रीम कोर्ट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए बड़ी और झकझोर देने वाली खबर आई है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के आचरण पर बेहद सख्त और तीखी टिप्पणी की है। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने ममता बनर्जी को फटकार लगाते हुए कहा कि जांच के बीच में हस्तक्षेप करना गंभीर मामला है। यह पूरा विवाद कोलकाता में राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई–पैक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की सर्च कार्रवाई से जुड़ा है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री जांच की प्रक्रिया में बाधा नहीं डाल सकता। इस मामले ने अब कानूनी के साथ–साथ राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणियां ममता सरकार के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बेहद हैरान करने वाली बात



कही है। बेंच ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि देश में ऐसा दिन भी आएगा जब कोई मुख्यमंत्री खुद जांच के बीच में दखल देगा। कोर्ट के मुताबिक यह राज्य बनाम केंद्र का विवाद बिल्कुल नहीं है। यह एक ऐसा मामला है जहां एक व्यक्ति, जो मुख्यमंत्री के पद पर है, वह जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है। अदालत ने इसे सीधे तौर पर लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया है। जस्टिस मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस कृत्य ने पूरे सिस्टम को जोखिम में डाल दिया है। सुनवाई के दौरान टीएमसी की ओर से दलील दी गई कि यह मामला संघीय विवाद से जुड़ा है। हालांकि कोर्ट इस तर्क से बिल्कुल सहमत नजर नहीं आया। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री जांच के बीच नहीं जा सकता। आप इसे केंद्र–राज्य का विवाद बताकर अपना बचाव नहीं कर सकते हैं।बेंच ने संविधान विशेषज्ञों का जिक्र करते हुए कहा कि आंबेडकर जैसे दिग्गजों ने भी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी। किसी ने नहीं सोचा था कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री खुद जांच के दौरान दफ्तर में पहुंच जाएगा। टीएमसी की वकील मेनका गुरुस्वामी ने इस याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाए और मामले को 5 जजों की बेंच के पास भेजने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को भी सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने पूछा कि आखिर इसमें ऐसा कौन सा बड़ा संवैधानिक सवाल है जिसे बड़ी बेंच को भेजा जाए? अदालत ने साफ किया कि हर अनुच्छेद 32 की याचिका को बड़ी बेंच को नहीं सौंपा जा सकता। यह सुनवाई ईडी अधिकारियों द्वारा दायर उन याचिकाओं पर हो रही है जिनमें सीबीआई जांच की मांग की गई है। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (पीएसी) ने अपने सभी ऑपरेशन रोक दिए है। आईपैक के एक इंटरनल मेल से इस बात की पुष्टि हुई है। इस इंटरनेल मेल में कुछ कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए लिखा गया कि मैनेजमेंट ने बंगाल में अपने सभी ऑपरेशन को 20 दिनों के लिए रोकने का फैसला लिया है। मालूम हो कि आईपैक बंगाल में सीएम ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का चुनाव प्रचार संभालने में जुटी थी। पश्चिम बंगाल में कुछ दिनों बाद विधानसभा चुनाव होना है। इससे पहले टीएमसी का चुनाव प्रचार अभियान देखने वाली कंपनी का अपने सारे ऑपरेशन रोकना एक बड़ी बात मानी जा रही है। मालूम हो कि राज्य में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

# कर्नाटक के होमस्टे में अमेरिकी महिला से यौन उत्पीड़न का आरोप, दो गिरफ्तार

(एजेंसी) कोदागु। कर्नाटक के कोदागु जिले के एक होमस्टे में अमेरिकी महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कोदागु के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी। पुलिस ने बताया कि झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि होमस्टे के मालिक को भी इस घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी थी। पुलिस के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया गया और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया गया। बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने कथित तौर पर मामले को दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई–फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह उस दौरान किसी से संपर्क नहीं कर सके। बाद में उसने कथित तौर पर मैसूरु जाने का बहाना बनाकर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास और पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। इस घटना के संबंध में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सम्पादकीय

## अपनी ही सेना का भरोसा खोते ट्रंप


नफीस जाफरी

एक तरफ जब पाकिस्तान में अमेरिका–ईरान के बीच शांति वार्ता की मेज सज रही थी तो वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अनोखे अंदाज में फिर से ईरान पर निशाना साधा। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि मीडिया को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि हम ईरान युद्ध जीत चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप से जब इस्लामाबाद में दूसरे राउंड की बातचीत से उम्मीदों को लेकर सवाल किया गया तो उनका कहना था– पिछले 47 साल में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति उतना नहीं कर पाया, जितना मैंने किया है। इस दौरान ट्रंप ने बड़े–बड़े कहा कि हमने उनकी नेवी को मिट्टी में मिला दिया है, एयरफोर्स को तबाह कर दिया है। उनके नेताओं को खत्म कर दिया है। नेताओं के खत्म होने से कुछ चीजें जटिल हुई हैं, लेकिन ये नेता ज्यादा तार्किक हैं। उन्होंने कहा कि हमने ईरान में सत्ता परिवर्तन कर दिया है। आप चाहें इसे कुछ भी कहें, लेकिन मैंने जो (सत्ता बदलने की) बात कही थी, वो कर दिखाया है, भले ही अप्रत्यक्ष रूप से। मैंने वो कर दिया है। उन्होंने दुनिया में तेल और गैस के सबसे प्रमुख समुद्री रास्ते होर्मुज जलडम–मध्य पर फुल कंट्रोल का दावा किया। बहरहाल, अब बात अमेरिका की सेना की तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़बोलेपन को देखकर अब वहां की सेना भी उनसे बाते छिपाने लगी है? क्या अमेरिका की सेना को डर है कि उनके कमांडर इन चीफ यानी राष्ट्रपति शेखी बघारने के चक्कर में उसके सैन्य मिशन को ही खतरे में डाल सकते हैं? अबतक ऐसे सिर्फ कयास लगाए जा रहे थे लेकिन ईरान जंग के बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है जिसमें ठीक यही दावा किया गया है। द वाल स्ट्रीट जनरल की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि जब ईरान में गिरे अपने पायलट को अमेरिकी सेना रेस्क्यू करने के लिए मिशन चला रही थी तब जानबूझकर ट्रंप को अपडेट नहीं दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने के कई देर बाद उन्हें जानकारी दी गई। द वाल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के अनुसार 3 अप्रैल की दोपहर के तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप को पता चला कि ईरान में एक अमेरिकी जेट को मार गिराया गया है, जिसमें दो वायुसैनिक लापता हैं। ट्रंप अपने सहयोगियों पर घंटों तक चिल्लाते रहे। उन्होंने बार–बार कहा कि यूरोपीय देश मदद नहीं कर रहे हैं। उन्हें 1979 का वो मंजर याद आने लगा जब ईरान में अमेरिकी दूतावास कर्मियों को बंधक बना लिया गया था। ट्रंप ने मांग की कि सेना उन दोनों वायुसैनिक को तुरंत बचाकर लाए। लेकिन 1979 में सरकार के तख्तापलट के बाद से अमेरिकी सैनिक ईरान की जमीन पर उतरी नहीं थी। अमेरिकी सैनिक को पहले यह पता लगाने की जरूरत थी कि ईरानी इलाके में कैसे पहुंचा जाए और ईरानी सेना से अपनी सेना से कैसे बचा जाए। रिपोर्ट के अनुसार प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि ट्रंप के ही सहयोगियों ने राष्ट्रपति को कमरे से बाहर रखा जबकि उन्हें मिनट–दर–मिनट अपडेट मिलता रहा। उनका मानना था कि ट्रंप के जल्दीबाजी करने वाले मिजाज से कोई फायदा नहीं होना है। जब कोई बड़ा क्षण आएगा, तो ट्रंप को अपडेट किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार एक एयरमैन को तुरंत रेस्क्यू कर लिया गया, लेकिन देर रात तक ट्रंप को खबर नहीं मिली कि दूसरे एयरमैन को भी एक हाई रिस्क वाले रेस्क्यू मिशन के बाद बचा लिया गया है। यह रिपोर्ट दिखाती है कि ट्रंप पर अब उनकी सेना को भी भरोसा नहीं रह गया है।

## पूर्व सैनिकों के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अधिकारियों को निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कलक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं



प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान पेंशन, भूमि विवाद, चिकित्सा सुविधाएं, रोजगार एवं अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कहा गया कि पूर्व सैनिकों ने देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए उनके सम्मान एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पूर्व सैनिकों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही शिकायतों के समाधान की प्रगति रिपोर्ट भी समय–समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि पूर्व सैनिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों में तेजी लाते हुए पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान कराया जाएगा।

# बंगाल-संघ का बढ़ता जनाधार सुनिश्चत करेगा भाजपा की जीत?


गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शाम समाप्त हो जाएगा और दूसरे व अंतिम चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम चार अन्य राज्यों केरल, असम, तमिलनाडु और पंडुचेरी के साथ ही अगले महीने चार मई को आएगा। जहां तक पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का सवाल है तो मुख्य मुकाबला भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच है। इस चुनाव में जहां दोनों बड़े दलों ने पूरा जोर लगा दिया है, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपनी शैली में मतदाताओं से संपर्क में जुटा है। संघ के एक नेता के अनुसार, आरएसएस सीधे चुनाव प्रचार नहीं करता। बल्कि उसका 'लोक मत परिष्कार' का काम चलता है. इसके तहत चार–पांच स्वयंसेवकों की टोली घर–घर जाकर लोगों से संपर्क करती है। यह जनसंपर्क ड्राइंग रूम बैठकों के जरिए होता है। इससे पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आरएसएस ने बड़े पैमाने पर इस तरह की ड्राइंग रूम बैठकें की थीं। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, आरएसएस की इन छोटी बैठकों का उद्देश्य पब्लिक ओपीनियन बनाना होता है। समाचार है कि चुनावी मौसम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिम बंगाल में बड़ा अभियान चला रहा है। करीब पौने दो लाख बैठकें हो चुकी हैं। स्वयंसेवक घर–घर जाकर वोटरों को जागरूक किया गया है। राज्य में एसआईआर का अभियान इस बार ज्यादा धारदार है। अगर चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में आरएसएस के जनाधार की बात की जाए तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लगातार हो रहा विस्तार वहां के जमीनी हालात में हो रहे बदलाव का एक बड़ा इशारा दे रहा है। हिंदुओं के बीच लगातार कार्यक्रम कर आरएसएस अपना विस्तार कर रहा है। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के माध्यम से संघ ने राज्य के बुद्धिजीवी वर्ग में भी अपनी पैठ बढ़ाई है। यहां यह बताते चले कि पश्चिम बंगाल से संघ का पुराना नाता रहा है। यहां 1937 से ही संघ की गतिविधियों का संचालन हो रहा है। राज्य में संघ के पूर्व क्षेत्र के प्रचार प्रमुख जिश्नु बसु के अनुसार, द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान कुछ समय के लिए संघ की गतिविधियां रोकी गईं थीं और उसके बाद दोबारा शुरू कर दी गईं थीं। संघ के दिग्गज नेताओं गुरु गोलवलकर, मोरोपंत पिंगले, विठ्ठल राव पतकी, दत्तोपंत ठेंगडे, एकनाथ रानाडे, बाला साहेब देवरस के साथ ही वर्तमान संघ प्रमुख मोहन भागवत का भी पश्चिम बंगाल एक प्रमुख केंद्र रहा है। पश्चिम बंगाल में संघ वैसे तो लगातार अपनी गतिविधियां मजबूत करता आया है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इसकी गतिविधियों में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। राज्य के बदले माहौल ने लोगों को संघ के प्रति आकर्षित किया। पिछले केवल तीन सालों में मध्य बंग प्रांत में



500 से अधिक नई शाखाएं शुरू हुई हैं, अगर पिछले 15 सालों की बात करें तो राज्य में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5200 तक पहुंच गई है। संघ के नेताओं के अनुसार, बंगाल में आरएसएस के तीन क्षेत्रीय प्रभाग हैं– उत्तर बंग प्रांत (उत्तर बंगाल के जिले), मध्य बंग प्रांत (पूर्व व पश्चिम बर्द्धमान, बीरभूम, बांकुड़ा, मुर्शिदाबाद और पुरुलिया) और दक्षिण बंग प्रांत (दक्षिण बंगाल के जिले). केवल मध्य बंगाल क्षेत्र में 2023 से 2025 के बीच 500 से अधिक नई शाखाएं जोड़ी गईं हैं। मार्च 2023 में जहां यहां 1,320 शाखाएं थी, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 1,823 हो गई। इस दौरान उत्तर बंग प्रांत में शाखाओं की सख्या 1,034 से बढ़कर 1,153 और दक्षिण बंग प्रांत में 1,206 से बढ़कर 1,564 हो गई। अगले वर्ष से संघ की संभाग प्रमुख व्यवस्था शुरू होगी, जिसके तहत राज्य में पांच संभाग बनाए जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में आरएसएस की लगातार मजबूत होती स्थिति के पीछे कई कारण हैं। संघ सामाजिक और सांस्ःतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपना विस्तार करता जा रहा है। संघ ने गली–मोहल्लों में बैठकें कर और रामनवमी के जुलूसों के माध्यम से लोगों तक पहुंच बढ़ाई है। राज्य में 29 हजार से भी अधिक स्थानों पर रामनवमी के जुलूस निकाले गए। दक्षिण बंगाल में बारह हजार, उत्तरी बंगाल में दस हजार और मध्य बंगाल में सात हजार जुलूस निकाले गए। राज्य में कई स्थानों पर सेवा प्रकल्प और पाठदान (एकल विद्या) केंद्र चलाए जा रहे हैं। बसु के अनुसार, कोलकाता, हावड़ा महानगर, सिलीगुड़ी और बर्धमान में 764 स्थानों पर ऐसे केंद्र चलाए जा रहे हैं। राज्य में आरएसएस की ताकत बढ़ने के घटनाक्रम में एक बड़ा मोड़ 2012–13 में आया था। जब स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 9876 युवा आए जो तीन दिनों तक रहे। इसके बाद से ही राज्य में संघ की गतिविधियां तेज हुईं। राज्य में संघ से जुड़े कई संगठन सक्रिय हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के बीच विचारधारा के विस्तार में लगा है। भारतीय मजदूर संघ राज्य के श्रमिकों के बीच पैर पसार रहा है। भारतीय किसान संघ ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को संगठित करने में लगा है। सीमांत चेतना मंच के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती छोटे उद्यमियों के बीच सक्रिय है। वहीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों को संगठित करने में जुटा है। वनबंधु परिषद राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में सक्रियता से काम कर रही है। संघ के नेताओं के अनुसार, राज्य में आरएसएस के विस्तार के कई प्रमुख कारण हैं। हाल ही में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का सफलतापूर्व आयोजन इसके पीछे एक बड़ी वजह है। इसके तहत संघ ने अपना संपर्क अभियान तेज किया। राज्य भर में दो हजार से अधिक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। प्रमुख केंद्रों पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। प्रमुख हिंदू धार्मिक हस्तियों के साथ संपर्क स्थापित हुआ। इसके अलावा राज्य में चल रही धार्मिक और सांस्.तिक गतिविधियों ने भी जमीनी माहौल को बदलने में मदद दी. उदाहरण के तौर पर सामूहिक गीता पाठ के कार्यक्रम में पांच लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह संघ का कार्यक्रम नहीं था, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों से संघ को अपना काम आगे बढ़ाने में मदद मिली। संघ के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, राज्य में हिंदू समाज की जागरुकता बढ़ी है और यह शाखाओं के विस्तार का एक बड़ा कारण माना जा सकता है। उनके अनुसार जिस तरह से पिछले पंद्रह वर्षों में ममता सरकार ने तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया है, उससे हिंदू एकता के संघ के काम को आगे बढ़ाने के लिए माहौल बना है। कई आश्रमों को निशाना बनाया गया. राम .ष्ण मिशन पर हमला बोला गया। भवानीपुर में भोलागिरी आश्रम पर हमले और साधुओं के खिलाफ हिंसा के आरोप टीएमसी कार्यकर्ताओं पर लगाए गए। इन घटनाओं ने धार्मिक और सांस्ःतिक प्रतिष्ठानों को संघ के साथ आने में मदद की. आरएसएस के यही नेता कहते हैं कि मुर्शिदाबाद और हावड़ा आदि में कट्टरपंथी मुस्लिमों की ओर से की गई घटनाओं के कारण लोगों में प्रतिक्रिया हुई और संघ के प्रति रुझान बढ़ा क्योंकि ऐसे मामलों में संघ के अलावा कोई और नहीं बोलता। वे कहते हैं कि ऐसे मामलों में पुलिस खामोश रहती है। संघ के नेता घुसपैठ के मुद्दे को भी हाईलाइट करते हैं जो अब आम लोगों में एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

# धर्मयुद्ध के नाम पर अपना आईना चमकाते ट्रंप!


फरीद वारसी

ईरान–इज़रायल और अमेरिका का युद्ध होर्मुज पर आकर अटक गया है। आपके मन में ये सवाल जरूर होगा कि मिसाइल और परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए शुरू हुआ युद्ध होर्मुज के कंट्रोल पर आकर क्यों फंस गया है? इस बड़े और अहम सवाल का जवाब खोजने से पहले कुछ और सवालों के बारे में जानते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद दुनिया में जहां भी युद्ध या सैनिक टकराव हुए उसका कारण क्या है? 1945 के बाद हुए युद्ध और विवाद समुद्री ट्रेड गलियारों में आकर क्यों फंस जाते हैं? निशाने पर वो देश क्यों होते हैं जो अमेरिका और उसके दुश्मनों के बीच स्थित हैं? ऐसा क्यों होता है कि जहां चीन अपने व्यापार और रिश्तों के पैर बढ़ाता है वहीं अमेरिका के युद्ध वाले लंबे हाथ पहुंच जाते हैं? बहरहाल यहां चर्चा करते हैं कि ईरान–अमेरिका–इज़रायल की लड़ाई की तो मालूम हो कि ईरान–अमेरिका–इज़रायल की लड़ाई के बारे में दावा किया जा रहा है कि ये धर्मयुद्ध है। धर्मयुद्ध के दावे का कारण क्या है? क्या मौजूदा विवाद में इसके सबूत मौजूद हैं? अगर मौजूद हैं तो वो क्या हैं? और अगर धर्मयुद्ध का दावा सही नहीं है तो फिर बड़े पैमाने पर ऐसी बातें क्यों हो रही हैं? ईरान के साथ युद्ध की इस कहानी के सबसे बड़े मिस्ट्रीप्वाइंट और लैशप्वाइंट की जांच आज इस रिपोर्ट में होगी। हर चीज एक दूसरे से जुड़ी है। पूरे ध्यान से हर प्वाइंट पर नजर रखिए। इसके बाद युद्ध के प्रति आपका –नजरिया बदल भी सकता है। 12 अप्रैल 2026ः अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक तस्वीर के साथ संदेश दिया। तस्वीर में ट्रंप यीशू की तरह एक बीमार व्यक्ति का उपचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप ने इस तस्वीर की पुष्टि की है। आपत्ति उठायी गयी तो कहा "तस्वीर में मुझे डॉक्टर दिखाया गया है, मैं लोगों को ठीक करता हूं, मुझे ये पसंद है" लेकिन फिर जब पूरी दुनिया में ईशू मसीह वाली ट्रंप की तस्वीर पर आपत्ति उठायी गयी। 13 अप्रैल 2026ः यीशू मसीह के वेश में उपचार करने वाली ट्रंप की तस्वीर को उनके ट्रूथ सोशल एकाउंट से डिलीट कर दिया गया। सवाल उठा कि अगर डॉक्टर बनकर लोगों को ठीक कर रहे थे फोटो डिलीट क्यों कर दी? 15 अप्रैल 2026ः जवाब मिलते उससे पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर फिर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसमें यीशू मसीह ने ट्रंप को गले लगा रखा है। तस्वीर के बैकग्राउंड में अमेरिकी झंडा है। ट्रंप को ईसा मसीह के साथ ऐसी नजदीकियों के प्रदर्शन की आखिर जरूरत क्या है? वो भी तब जबकि अमेरिका ईरान के खिलाफ एक बड़े युद्ध में फंसा हुआ है। जबकि पूरी दुनिया में अमेरिकी डॉलर और सुपर पॉवर को चीन की तरफ से चुनौती मिल रही है। सवाल का जवाब खोजने के क्रम में हमें ट्रंप की एक और तस्वीर मिली जो उन्होंने खुद ट्रूथ सोशल में शेयर की थी। 2 मई 2025ः डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसमें ट्रंप पोप के परिधान में नजर आ रहे हैं। पोप ईसाइयों के सबसे बड़े गुरू माने जाते हैं। इटली के पास वेटिकन में रहते हैं। ऐसा सब जानते हैं और शायद ये भी कि पोप की परंपरा में पहली बार ऐसा हुआ है कि वेटिकन के प्रमुख पोप के पद पर अमेरिका में जन्मा कोई व्यक्ति बैठा है. इनका नाम है पोप लियो–14ज्ञ. 5 मार्च 2026ः इस घटना का वीडियो बहुत चर्चित हुआ था। राष्ट्रपति के ओवल ऑफिस में ट्रंप के लिए प्रार्थना करने वालों की एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई जिसमें ट्रंप बीचो बीच बैठे हुए हैं। क्राइस्ट फेलोशिप के संस्थापक पादरी टॉम मॉलिन्स ने प्रार्थना पढ़ी। चारो ओर खड़े लोगों में ट्रंप की आध्यात्मिक सलाहकार पॉला व्हाइट केन, प्रसिद्ध इवैंजिकल पादरी ग्रेग लॉरी, फ्री चैपल के सीनियर पादरी जेंटज़न फैंकलिन, इवैंजिकल नेता जॉनी मूर, फर्स्ट बैपटिस्ट चर्च ऑफ डलास के पादरी रॉबर्ट जेफ्रेस, रूढ़िवादी नेता गैरी बाउर सहित कई प्रमुख इसाई शख्सियत मौजूद थीं। ये सब तब हो रहा था जबकि अमेरिका डंके की चोट पर ईरान में घुस घुस कर 13,600 किलो के बम बरसाने की प्लानिंग कर रहा था। मिसाइल और दूसरे बम के हमले चल रहे थे। दावा किया जाता है कि ऐसा वीडियो अमेरिका के राष्ट्रपति ऑफिस से पहले देखने को नहीं मिला। युद्ध के दौरान धर्म का सार्वजनिक और भड़कीला प्रदर्शन केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। ईरान और इजरायल के फ्रंट पर भी धर्म के भीषण विस्फोट देखने को मिले हैं। एक्सपर्ट्स तो यहां तक दावा कर रहे हैं कि मोर्चे पर तीन देश नहीं तीन धर्म लड़ रहे हैं। क्रिश्चियन, यहूदी और इस्लाम आमने सामने हैं। मिडिल ईस्ट के इतिहास में इन तीन धर्मों जिन्हें हमकिताबी भी कहते हैं, के विरोध प्रमुखता से दर्ज हैं। आश्चर्य इस बात का है कि 21वीं सदी के सबसे ज्यादा वैज्ञानिक, प्रगतिशील और लोकतांत्रिक होने का दावा करने वाला अमेरिका भी युद्ध में धर्म का आईना चमका रहा है। ट्रंप युद्ध के विरोधी थे,मागा समर्थक भी शांति के प्रेमी थे। फिर भी दूसरी पारी में ट्रंप डील और वॉर पर अड़े हुए हैं। धर्म और धार्मिक प्रतीकों का बढ़ चढ़ कर इस्तेमाल कर रहे हैं। अमेरिकी सेना के भीतर भी सैनिकों को धर्म के नाम पर भड़कने की शिकायतें आ रही हैं.। इजरायल ने जब युद्ध शुरू किया तो नाम दिया ऑपरेशन त्व|त्छ्ळ स्प्छ. इसमें यहूदी धार्मिक प्रतीकों और परंपराओं का सतर्क इस्तेमाल किया गया। नाम में मौजूद स्प्छ यानी शेर का प्रतीक है लॉयन ऑफ जुडाह। रोरिंग ल्यॉन सीधे हिब्रू बाइबिल की शेर संबंधित छवियों से जुड़ा हुआ है। शेर यहूदा के क़बीले और आगे चलकर यहूदी पहचान का केन्द्रीय प्रतीक है। बाइबिल में शेर– शक्ति,नेतृत्व, दैवी संरक्षण और न्याय का प्रतीक है। इसका इस्तेमाल करीब 150 बार किया गया है। हालांकि अब इस इलाके में कोई शेर नहीं मिलता है। इस तरह से ऑपरेशन रोरिंग लॉयन के नाम का चुनाव केवल सैनिक कार्रवाई में उत्साह भरने के लिए नहीं दिया गया बल्कि इसमें इतिहास और इज़रायली स्टेट की स्थापना की धार्मिक भविष्यवाणी का इमोशन पुट भी दिया गया। संदेश देने की कोशिश की गयी कि जब शेर दहाड़ता है तो निष्क्रिय रहना संभव नहीं है। इससे पहले 2025 में जब इज़रायल ने ईरान के खिलाफ सैनिक अभियान शुरू किया था तो उसे नाम दिया था OPERATION RISING LOIN. इस तरह से ये दैवीय आशीर्वाद या नैतिक न्याय का संकेत देकर घरेलू समर्थन जुटाने और सेना का मनोबल बढ़ाने की सोच को भी दर्शाता है। ईरान ने अपने जवाबी हमले का नाम रखा है– ट्रू प्रॉमिस. ट्रू प्रॉमिस भी केवल सैन्य कोड नहीं है। इसके पीछे गहरी धार्मिक परंपरा और प्रतीक हैं। अंग्रेजी के ट्रू प्रॉमिस को अरबी में वाद–ए–सादिक कहा जाता है। ये कुरान की आयतों से प्रेरित है। इसमें ईश्वर के प्रति सच्ची प्रतिज्ञा का भाव है। भावना



ये है कि अत्याचार के खिलाफ डट कर लड़ने वालों से किया गया वादा जरूर पूरा होगा। ईरान के अधिकारियों ने कुरान की ऐसी आयतों का इस्तेमाल भी किया है जिसका अर्थ था कि फिर हमने उनसे किया हुआ अपना वादा पूरा किया है। ईरान अपने प्रतिरोध को ईश्वर के नैतिक विधान से जोड़ कर प्रस्तुत करता है मकसद ये होता है कि जवाब केवल स्ट्रेटजिक न लगे बल्कि लोगों की आस्था भी उससे जुड़े। युद्ध के मैदान पर जो हिंसक और बर्बर घात प्रतिघात होता है उसे धार्मिक आस्थाओं और प्रतीकों से जायज ठहराने की कोशिश होती है। अमेरिका की सेना ईरान के ऊपर हुए हमलों को हर हाल में नैतिक ठहरा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति, युद्धमंत्री और मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सेना के कमांडर ने जो दुनिया के सामने कहा है उसके पीछे सैन्य कमांडरों ने अपने सैनिकों के लिए इसे धार्मिक युद्ध की तरह ही पेश किया है। अमेरिकी सेना में मिलिट्री रिलीजियस फ्रीडम फाउंडेशन को मिली शिकायतों के मुताबिक, कुछ कमांडरों ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध ईश्वर की योजना का हिस्सा है और आर्मागेडॉन यानी अंतकाल की ओर ले जाएगा। दूसरे कुछ कमांडर्स ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान में `पहदंस पितम' जलाने के लिए यीशू द्वारा अभिषिक्त बताया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के बारे में ऐसा दावा सार्वजनिक रूप से भी किया गया। तब जबकि युद्ध के दौरान ही एक महिला पॉस्टर राष्ट्रपति भवन आयीं और उन्होंने सबके सामने प्रेसीडेंट ट्रंप की तुलना यीशू मसीह से कर दी थी। आप यहां पर गॉड की वजह से हैं। मिस्टर प्रेसीडेंट किसी ने इतना कष्ट नहीं उठाया जितना कि आपने ने उठाया है। आप पर हमला हुआ। आपको धोखा दिया गया। आप अरेस्ट हुए. गलत तरह से दोषी बनाए गए। ये बहुत प्रचलित तरीका है। ईश्वर ने हमें बताया है. लेकिन ये उनके हाथ में नहीं था। ईश्वर के पास कुछ और ही प्लान थे। वो अपनी मृत्यु के तीसरे दिन फिर जीवित हुए। उन्होंने बुराई को हराया. वो जीते. चूंकि वो जीते थे इसलिए आप भी जीतेंगे। अमेरिका में युद्ध के दौरान धर्म के भड़कीले इस्तेमाल पर ईसाइयों के सबसे बड़े गुरू पोप ने वेटिकन से पाम संडे और बाद के भाषणों में कहा कि यीशु को किसी भी युद्ध को जायज ठहराने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ईश्वर उन लोगों की प्रार्थनाएं नहीं सुनता जो युद्ध छेड़ते हैं। जिनके हाथ खून से भरे हैं, उनकी प्रार्थनाएं अस्वीकार कर दी जाती हैं। इसके बाद ट्रंप ने जब एक रात में ईरान के खिलाफ 'सभ्यता के अंत' वाली धमकी दी तो उसे भी पोप ने 'बहुत गलत और धर्मविरूद्ध' कहा। इस पर डोनाल्ड ट्रंप नाराज हो गए और उन्होंने पोप के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। नहीं, मैं ऐसा नहीं करूंगा, क्योंकि पोप लियो ने कुछ ऐसी बातें कही हैं जो गलत हैं। ईरान के संबंध में जो मैं कर रहा हूं, वह उसके बहुत खिलाफ थे। हम परमाणु शक्ति संपन्न ईरान को स्वीकार नहीं कर सकते। पोप लियो अंतिम परिणाम से खुश नहीं होंगे। सैकड़ों मिलियन लोग मारे जा सकते हैं और मैं ऐसा होने नहीं दूंगा। इसलिए मैं माफी नहीं मांग सकता। मुझे लगता है कि वह अपराध और कुछ अन्य मुद्दों पर बहुत कमजोर हैं। तो मैं मतलब, उन्होंने सार्वजनिक रूप से बात कही। पोप ने ट्रंप के बयानों का विरोध किया और कहा कि वो उनसे डरते नहीं हैं. यहां ये बताना जरूरी है कि इस समय वेटिकन के प्रधान पोप लियो अमेरिकी मूल के हैं। मैं मूल रूप से यही कह रहा था कि चर्च का संदेश, मेरा संदेश, गॉस्पेल का संदेश 'धन्य हैं वे जो शांति स्थापित करते हैं'। मैं अपनी भूमिका को राजनीतिक या किसी राजनेता की भूमिका के रूप में नहीं देखता। मैं उनके साथ किसी बहस में नहीं पड़ना चाहता। मुझे नहीं लगता कि कुछ लोग गॉस्पेल के संदेशों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं युद्ध के खिलाफ खुलकर बोलता रहूंगा, शांति को बढ़ावा देने के लिए, संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए, और देशों के बीच बहुपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के लिए, ताकि समस्याओं का न्यायसंगत समाधान खोजा जा सके। आज दुनिया में बहुत से लोग पीड़ा झेल रहे हैं, बहुत से निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, और मुझे लगता है कि किसी न किसी को खड़ा होकर यह कहना होगा कि इसे करने का एक बेहतर तरीका भी है। युद्ध के दौरान धर्म के इस्तेमाल का मुद्दा पोप प्रकरण के बाद थोड़ा ज्यादा ही घूम गया। युद्ध छेड़ने के लिए आलोचना झेल रहे ट्रंप को पोप के खिलाफ बोलने पर भी विरोध झेलना पड़ा। उनके करीबी राजनीतिक नेताओं ने भी ट्रंप का विरोध किया। दावा किया गया कि ट्रंप चाहते हैं कि महान धार्मिक गुरू उनके युद्ध को जायज ठहराएं जबकि ऐसा हो नहीं रहा तो ट्रंप ने पोप को भी नहीं छोड़ा। पोप के बारे में दिए गए बयानों का विरोध करती हूं। मैं पोप लियो के समर्थन में उनके साथ खड़ी हूं। मैं यहां ये भी कहना चाहती हूं कि मुझे बिल्कुल वो समाज बिल्कुल अच्छे नहीं लगते हैं जहां धार्मिक नेता राजनीतिक नेताओं के इशारे पर चलते हैं,बोलते हैं। मैं नहीं चाहती की मुझे वैसी दुनिया से पहचाना जाए. इसलिए मैं असहमत हूं और मैंने इसे जाहिर भी किया है।

# इश्क में दरिंदगी : शादी से मना करने पर प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कांशीराम कॉलोनी में मंगलवार शाम करीब पांच बजे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां 18 वर्षीय युवती की उसके प्रेमी ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी युवक ने खुद को भी घायल कर लिया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार कांशीराम कॉलोनी निवासी जाकिर बस चालक हैं और घटना के समय दिल्ली गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी रिश्तेदारी में अंबाला गई थीं। घर पर उनकी बेटी कशिश अकेली थी। इसी दौरान आरोपी राहुल वहां पहुंच गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले तीन–चार वर्षों से प्रेम संबंध थे। मंगलवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद राहुल ने कशिश पर चाकू से हमला कर दिया। पड़ोसियों ने घर से चीख–पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर का मंजर देख सन्न रह गए। राहुल कशिश की गर्दन दबाए हुए था और युवती खून से लथपथ पड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कशिश को मृत घोषित कर दिया, जबकि राहुल का इलाज जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी राहुल पूर्व में भी कशिश को अपने साथ हरिद्वार ले गया था, जिसके बाद उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज हुआ था और उसे जेल भेजा गया था। हालांकि दिसंबर 2025 में जमानत पर छूटने के बाद दोनों के बीच फिर संपर्क बना रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कशिश की शादी कहीं और तय हो चुकी थी और दो माह बाद विवाह होना था। इसी बात को लेकर राहुल उस पर शादी का दबाव बना रहा था। परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी युवती को धमकी दे चुका था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंधों में विवाद के चलते हत्या की बात सामने आई है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# क्या दस बारह पूंजीपतियों के लिए काम कर रहे नगर विधायक : सौली

## - पीड़ित दुखी महिला मजदूर व चूड़ी दुकानदार पीडीए का हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने ईरान युद्ध के कारण फिरोजाबाद मे प्रभावित हो रहे चूड़ी एवं अन्य उद्योगों से जुड़े चूड़ी दुकानदार एवं गैस से चूड़ी झलाई का काम करने वाली महिला मजदूरों से मुलाकात की इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ मुजाहिद खान फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष नरेश शंखवार सपा नेता आसिफ अली प्रमुख रूप से मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने सवाल उठाते हुए कहा कि ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न हुए गैस संकट में नगर विधायक मनीष असीजा ने बड़े–बड़े होटलों में कारखानेदारों के साथ तो कई मीटिंग की खूब अखबारों में फोटो छपी परंतु इस संकट से परेशान चूड़ी के दुकानदारों एवं अंतिम पायदान पर खड़े गैस से झलाई का काम करने वाले चूड़ी मजदूरों जो कि ज्यादातर महिलाएं हैं का दर्द किसी ने नहीं जाना प्रशासन ने भी उनकी समस्याएं समझने की जहमत नहीं उठाई उन्होंने कहा कि ज्यादातर चूड़ी दुकानदारों का बाहर अन्य शहरों में पैसा फसा हुआ है कारखानेदरों द्वारा मनमाना अनाप–शनाप रेट बढ़ाने के कारण बाहर ना पैसा मिल रहा है ना ही आर्डर मिल रहे हैं। वही चूड़ी झलाई का काम करने वाली मजदूर महिलाओं ने बताया कि एक पूरे चूड़ी के तोड़े की झलाई का 10 मिलता है पूरे दिन में लगभग आठ नौ तोड़े जुड़ पाते हैं 80 से 90 रुपए की मजदूरी होती है जिसमें से गैस भी खुद की लगानी पड़ती है गैस मिल नहीं रही है किसी तरह से अब ब्लैक में गैस मिल जाती है तो इतनी भी बचत नहीं हो पा रही कि घर का गुजारा चल सके इस अवसर पर उन्होंने प्रशासन से उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान की मांग की है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा सुनने में आ रहा है कि पिछले लगभग एक दशक से सत्ताधारी जनप्रतिनिधि से जुड़े 10–12 पूंजीपतियों को छोड़ दें तो उद्योग चलाने के लिए हालात वद से बत्तर होते जा रहे हैं लगभग एक दर्जन से ज्यादा कारखानेदार अपने कारखाने बेचकर चले गए या दर्जनों कारखाने पार्टनरशिप करके हथिया लिए गए है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव व सांसद अक्षय यादव ने संदेश दिया है कि प्रत्येक पीड़ित दुखी पीडीए का हिस्सा है और 2027 में समाजवादी सरकार बनने के बाद में सारी नीतियां इन पीड़ित दुखी लोगों को ध्यान में रखकर ही बनाई जाएगी।

# नाबालिग को भगाने वाला वांछित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों व वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे



अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना दक्षिण पर पंजीत मु0अ0सं0 294/26 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त वीरभान पुत्र कुमरपाल निवासी अब्दलपुर भाऊ खुर्द थाना कोतवाली जनपद कन्नौज को सुहागनगर चौराहा के पास से गिरतार किया गया।

# डीएम व सीडीओ ने सीएचसी टूण्डला का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ टूण्डला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टूण्डला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की गहनता से पडताल की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों से वार्ता की और उन्हे मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया। अस्पताल प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इस केन्द्र पर वर्तमान में 130 प्रकार की आवश्यक दवाऐं उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवा लिखने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने इमरजेन्सी वार्ड का निरीक्षण किया जहां एक मरीज भर्ती पाई गयी, उन्होने वार्ड की साफ–सफाई और बेहतर करने के निर्देश दिए, इसके पश्चात् उन्होने आईसोलेशन वार्ड का जायजा लिया, जहां कोई भी मरीज भर्ती नही था, वार्ड की साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाऐं मानक के अनुरूप न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त की और सम्बन्धितों को तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पैथोलोजी पहुंचे वहां पर स्वंय की डाईबिटीज की जांच कराई, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर लगभग सभी प्रकार की जांचे सुलभ है, केवल विटामिन डी की जांच की सुविधा वर्तमान में नही है, जिसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, डायबिटीज के बडते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सकों से कहा कि



आपका कार्य केवल रोग का इलाज करना नही है, बल्कि मरीजों को इससे बचाव के प्रति जागरूक करना भी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को उनके खान–पान और उनके जीवन शैली में सुधार के विषय में विस्तार से बताए, ताकि वह इस बीमारी को नियंत्रित कर सके, जिलाधिकारी ने स्त्री रोग विभाग का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्हे बताया गया कि एक माह के भीतर 120 सफल सिजेरियन किए गए, जो क्षेत्र की महिलाओं के लिए बडी राहत है। इस दौरान उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा उपस्थित रहें।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा निष्पक्ष कराने को प्रशासन सख्त, डीएम के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। डीएम ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। गड़बड़ी या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा कक्षों में मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सभी केंद्रों का पूर्व सत्यापन कर कमियां दूर करने, सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, बिजली के लिए जनरेटर और अभ्यर्थियों के लिए मुत क्लॉक रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। परिवहन विभाग को अतिरिक्त बसें चलाने, स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक चिकित्सा और पुलिस को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# चकबंदी जमीन पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा बुलडोजर, मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। चांदपुर रोड स्थित एक आरा मशीन परिसर में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। चकबंदी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई चहारदीवारी को ध्वस्त कर रास्ते की जमीन को खाली कराया। तहसील प्रशासन के अनुसार, संबंधित गाटा संख्याओं में दर्ज भूमि चकबंदी अभिलेखों में सार्वजनिक मार्ग के रूप में दर्ज है। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ हिस्सों में रास्ते की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कर लिया गया था। पैमाइश के बाद टीम ने बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर मार्ग की भूमि पर सैकड़ों वर्ग मीटर क्षेत्र में दीवार खड़ी कर कब्जा किया गया था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान राजस्व और चकबंदी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, हाल के विवाद के बाद संबंधित लोगों की संपत्तियों की जांच की जा रही थी, जिसके क्रम में यह कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से लंबे समय से बाधित रास्ता अब दोबारा खुल सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों व वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान



के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा दौराने देख–रेख शान्ति व्यवस्था, चेकिंग, मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र स्व0 लालजीत सिंह निवासी ग्राम सुरैला थाना जसराना को खड़ीत पुल से नगला भाट की तरफ जाने वाली सड़क के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्रों ने निकाली रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो/अयोध्या। रुदौली क्षेत्र में स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं ने बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता रैली निकाली। चारों सदनों के छात्र–छात्राएं निर्धारित रंग के वेश में हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर धरती को बचाने और उसे हरा भरा रखने का संदेश दिया। छात्र रैली का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक आरके मौर्य द्वारा हरी झंडी दिखाने के साथ हुआ। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी को हरा भरा रखना, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। छात्र रैली का नेतृत्व स्कूल के हेड बॉय आदित्य कश्यप और हेड गर्ल आराध्या तिवारी स्कूल का ध्वज लेकर कर रहे थे। उनके पीछे हाउस कैप्टन अपने–अपने सदन का ध्वज लेकर छात्र–छात्राएं



अनुशासन के साथ पैदल मार्च कर रहे थे। यह रैली रुदौली स्थित कोतवाली पर संपन्न हुई। कोतवाली पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक आरके मौर्य ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक कसौधन को पौधा देकर सम्मानित किया। निदेशक पंकज मौर्या ने कोतवाली प्रभारी संजय मौर्य को पौधा देकर सम्मानित किया तथा प्रधानाचार्य सर्वजीत मिश्रा ने क्राइम ब्रांच प्रभारी संतोष यादव को पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक आरके मौर्य अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन हो रहा है, प्रदूषण बढ़ रहा है तथा प्रा.तिक संसाधनों का क्षय हो रहा है। आज आवश्यकता है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी धरती माता को स्वच्छ रखें, उसे हरा भरा बनाएं और उसकी रक्षा करें। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाएं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा श्रीवास्तव, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कोतवाली के अन्य सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। छात्र रैली के अंत में प्रधानाचार्य सर्वजीत मिश्रा ने वृक्षों की शीतल छाया के सुखद अनुभव को बताते हुए पौधों को लगाने और उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधक द्वारा छात्र–छात्राओं को बिस्किट तथा फ्रूटी का वितरण भी किया गया।

## डीएम व सीडीओ ने टूण्डला कस्बे के प्रस्तावित बाईपास मार्ग का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ टूण्डला कस्बे के लिए प्रस्तावित 7.80 कि0मी0 लम्बे बाईपास मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया, यह बाईपास क्षेत्रीय विकास और यातायात सुगमीकरण की .ष्टि से



अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह मार्ग एन0एच0–19 के टोल प्लाजा से शुरू होगा तथा टूण्डला–एटा राजमार्ग निहाल सिंह की पुलिया से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग–19 के कि0मी0 220 पर एफ0एच0 मेडिकल कॉलेज के समीप जाकर मिलेगा। इस मार्ग के बनने से टूण्डला शहर के भीतर, विशेषकर उपरगामी सेतु के नीचे सुभाष चौराहे पर लगने वाले भारी जाम से जनता को स्थायी राहत मिलेगी, साथ ही साथ फिरोजाबाद से एटा और आगरा से एटा के बीच चलने वाले वाहनों को एक भीड–भाड रहित और वैकल्पिक सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। मार्ग के चौडीकरण और सु.ढीकरण से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी टूण्डला अंकित वर्मा और अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि उपस्थित रहे।

# सपा के प्रतिनिधिमंडल का विरोध, पत्थरबाजी में तीन घायल

## - तख्ती लेकर सपा मुर्दाबाद के लगाए नारे





न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के करण्डा क्षेत्र के कटरिया गाँव मे निशा शर्मा की मौत को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल भेजा गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह ने इस प्रतिनिधि मंडल का विरोध करने को कहा और तमाम ग्रामवासियों ने सड़क पर उतरकर हाथ मे तख्ती लेकर सपा मुर्दाबाद, गाँव का माहौल खराब नही होने देंगें लेकर सपा प्रतिनिधि मंडल का इंतजार कर रहे थे। इससे पहले कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल आएं और पीड़ित परिवार से मिलकर चले गयें। 12 बजे के लगभग सपा का प्रतिनिधि मंडल आया। महिलाएं सैकड़ों की संख्या में विरोध करने के लिए आ गई। सपा विधायक वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जब तक महिलाएं नही हटेगी हम नही जायेंगें। साथ मे सदर विधायक जय किशन शाहू, जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, जमानिया विधायक प्रतिनिधि मन्नु सिंह सत्या यादव आदि लोग उपस्थित रहें लेकिन विरोध तब शुरु हुआ जब सारे प्रतिनिधि वहाँ चिलचिलाती धूप में बैठ गयें। उस वक्त पत्थरबाजी शुरू हो गई जब सपा के एक समर्थक को कुछ लोग मिलकर मार दिये, परिणामस्वरूप तनाव इतना बढ़ गया कि दोनो तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई जिसमें दोनो तरफ दो तीन लोग घायल हुए। सदर कोतवाल और करण्डा थानाध्यक्ष भी चोटहिल होने की खबर है। पीएसी बल वर्तमान में तैनात है। माहौल शान्ति पूर्ण किंतु तनाव में है।

# पंचायत चुनाव समय से कराए जाने को लेकर कांग्रेसी लामबंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, वहीं अधिकारियों पर लगाए आरोप ज्ञापन सौंपने गए कांग्रेसियों को मुख्यालय में नहीं मिले जिम्मेदार अगर पंचायत चुनाव समय से नहीं कराए जाते तो प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए कांग्रेस चुनाव समय से न होने की .ष्टि में ग्राम सभा में प्रशासकों की नियुक्ति न हों बल्कि प्रधानों का कार्यकाल समय बढ़ाया जाए कांग्रेस ज्ञापन देने गए नेताओं ने उठाए अधिकारियों की मंशा पर सवाल, कहा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारी।

## अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के पास किलो मीटर संख्या 1211/12 ए पर 22 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत की जानकारी मिलते जीआरपी रेलवे पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जीआरपी रेलवे प्रभारी ने अज्ञात युवक की जानकारी के लिए जानता से अपील करते बताया कि अज्ञात युवक की जानकारी जुटाने में पुलिस का करे सहयोग।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# जनसेवा केवल कर्तव्य नहीं, एक मिशन है : नीलम सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। समाज सेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक भावना



है यह कहना है मुख्यमंत्री जनकल्याण प्रचार–प्रसार संगठन एवं महिमा करियर इंस्टीट्यूट की संस्थापक/निदेशक नीलम सिंह का नीलम सिंह जिन्होंने, पिछले कई वर्षों से निरंतर समाज के लिए कार्य किया है। एक ऐसे परिवार से आने वाली, जहाँ देशभक्ति और जनसेवा की परंपरा रही है.उन्होंने बचपन से ही समाज के प्रति जिम्मेदारी को समझा और उसे अपने जीवन का मिशन बना लिया। शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने ने न्यूज वाणी के ब्यूरो चीफ से, एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि समाज सेवा केवल एक कार्य नहीं,बल्कि एक भावना है। मुख्यमंत्री जनकल्याण प्रचार–प्रसार संगठन एवं महिमा कैरियर इंस्टीट्यूट के माध्यम से वह न केवल लोगों को आत्मनिर्भर बना रही हैं बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़कर एक सशक्त समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह साक्षात्कार उनके अनुभवों,चुनौतियों और उस जुनून की कहानी है.जो उन्हें हर दिन समाज के लिए कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। आपके जीवन की वह कौन–सी घटना थी जिसने आपको जनसेवा के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया? उत्तर मेरे जीवन में प्रेरणा किसी एक घटना से नहीं, बल्कि मेरे परिवार की परंपरा से आयी मेरे बाबा स्वतंत्रता सेनानी थे और नाना प्रशासनिक सेवा में थे। बचपन से ही मैंने अपने घर में समाज और देश के लिए समर्पण देखा। मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार–प्रसार अभियान से जुड़ने की शुरुआत आपने कैसे की उत्तररूसमाज सेवा करते हुए मुझे महसूस हुआ कि कई सरकारी योजनाएँ लोगों तक पहुँच ही नहीं पातीं। इसी सोच के साथ मैंने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजनाओं के प्रचार–प्रसार से खुद को जोड़ा,ताकि जरूरतमंद लोगों को सही जानकारी और लाभ मिल सके। जनसेवा को आप अपने लिए कर्तव्य मानती हैं या मिशन? उत्तररूमेरे लिए जनसेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह मेरे जीवन का उद्देश्य बन चुका है। मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है, और यह अन्य योजनाओं से कैसे अलग है? इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएँ पहुँचाना है। यह योजना केवल कागजी नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करती है.लोगों को जोड़कर, उन्हें जागरूक बनाकर और सीधे लाभ दिलाकर। इस योजना के माध्यम से अब तक कितने लोगों को वास्तविक लाभ मिला है? हमारे प्रयासों से हजारों लोगों को शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न जमीनी स्तर पर इस योजना को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौतियाँ क्या हैं? उत्तररूसबसे बड़ी चुनौती है जागरूकता की कमी, और लोगों का सिस्टम पर भरोसा न होना।कई बार दस्तावेजी प्रक्रिया भी कठिन होती है। प्रश्न 7रूक्या आपको लगता है कि समाज के सभी जरूरतमंद लोगों तक इस योजना का लाभ पहुँच पा रहा है? उत्तररूअभी पूरी तरह नहीं,लेकिन हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। प्रश्न 8रूक्या कोई ऐसी घटना है जिसने आपको भावनात्मक रूप से प्रभावित किया हो? उत्तररूकई बार ऐसे मामले सामने आए हैं जहाँ किसी गरीब महिला या दिव्यांग व्यक्ति को पहली बार मदद मिली और उनके चेहरे की खुशी ने मुझे भावुक कर दिया।वही मेरे काम की असली प्रेरणा है। प्रश्न 9रूक्या कभी आपको प्रशासनिक बाधाओं का सामना करना पड़ा? उत्तररूहाँ,कई बार कागजी प्रक्रियाओं और सिस्टम की धीमी गति के कारण दिक्कतें आती हैं,लेकिन हम धैर्य और प्रयास से उन्हें पार करते हैं। प्रश्न 10रूजनता की सबसे आम समस्या क्या होती है? उत्तररूलोगों की सबसे बड़ी समस्या है.रोजगार, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की सही जानकारी का अभाव। प्रश्न 11रूआप अपनी भूमिका को कैसे देखती हैं? उत्तररूमैं खुद को सरकार और जनता के बीच एक सेतु के रूप में देखती हूँ,जो दोनों को जोड़ने का काम करता है। प्रश्न 12रूक्या योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँच रही है? उत्तररूअभी भी पूरी तरह नहीं पहुँच पा रही है, इसलिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी हैं। प्रश्न 13रूभविष्य में आप कौन–से नए कदम उठाना चाहती हैं? उत्तररूमैं शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम करना चाहती हूँ,खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए। प्रश्न 14रूक्या योजनाएँ कभी कागजों तक सीमित रह जाती हैं? उत्तररूहाँ,कई बार ऐसा होता है,लेकिन सही निगरानी और प्रयास से इसे बदला जा सकता है। प्रश्न 15रूक्या आपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की है? उत्तररूजहाँ भी लापरवाही या गड़बड़ी दिखी,हमने आवाज उठाई और सुधार की कोशिश की।

# गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में मनाया गया अर्थ डे

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लखनऊ। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में अर्थ डे बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना ही नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों को इसके महत्व, इतिहास और उद्देश्य के बारे में जागरूक करना भी था। कार्यक्रम की शुरुआत में पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा ने बच्चों




को बताया कि अर्थ डे क्यों मनाया जाता है, इसकी शुरुआत कब हुई और इसका मुख्य उद्देश्य क्या है। उनके प्रेरणादायक विचारों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं। छोटे बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस के माध्यम से पेड़, फल और जंगल का रूप धारण कर प्र.ति के महत्व को दर्शाया। वहीं बड़े बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के जरिए ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थी मृत्युंजय और शिवराज ने क्रमशः अंग्रेजी और हिंदी में प्रभावशाली भाषण देकर अर्थ डे के महत्व को विस्तार से समझाया। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरा मिश्रा, सह–पीठाधीश्वर पूनम मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल दिव्यांशी श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर श्रद्धा शुक्ला, पारुल राज सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए छोटे–छोटे कदम उठाएं और पृथ्वी को सुरक्षित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में प्र.ति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करने में सफल रहा।

# विकास नगर की घटना अत्यंत दु:खद : डॉ. नीलोफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। विकास नगर कच्ची बस्ती में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों की सहायता के लिए. शुक्रिया वेलफेयर सोसाइटी एवं राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की चेयरपर्सन जागृति गुप्ता



पीड़ितों की मदद हेतु मौके पर पहुंचीं। इस दौरान पीड़ित परिवारों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई जिसमें लगभग 200 बाल्टियां, 350 तसले, जग, गिलास, स्टोव, चाय की पत्ती, चाय बनाने के बर्तन, 100 किलो चावल, 50 किलो शक्कर, 25 किलो खुली चाय, दरियां, चादरें, कपड़े एवं चटाइयां शामिल हैं। इस सम्बन्ध में डॉ.नीलोफर शाह ने बताया कि विकास नगर की घटना अत्यंत दुःखद रही जिसमें लगभग 300 परिवार प्रभावित हुए हैं। डॉ नीलोफर ने बताया कि जहां अग्निकाड पीड़ितो के लिए विभिन्न संगठन और लोग मिलकर सहयोग कर रहे हैं। वहीं स्थानीय पुलिस का रवय्या बहुत खराब है। स्थानीय पुलिस बजाए मदद करने और सहयोग के मदद करने वाले लोगों को ही परेशान कर रही है। पुलिस द्वारा बरेकेटिंग किये जाने से लोगों को परेशानी हो रही है।

# ओ लेवल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को संस्थान ने किया सम्मानित

## - करीब चार दर्जन से ज्यादा बच्चों को माला पहनाकर एलसी आई इंस्टीट्यूट ने किया सम्मानित

## - डलमऊमें तकनीकी शिक्षा विस्तार में 15 वर्षों से एल सीआई कायम किए हुए हैं श्रेष्ठ स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। कस्बे के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षा संस्थानों में से एक व पुराना एलसीआई कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में बीते दिन ओ लेवल टॉप करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। रिजल्ट घोषित होने पर डायरेक्टर मनीष प्रजापति ने संस्थान के उत्कृष्ट छात्र–छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। लगभग चार दर्जन के करीब छात्रों ने चार ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण की जिनमें से ए, बी, सी, डी ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण करने पर संस्थान के डायरेक्टर मनीष प्रजापति व चेयरपर्सन नीतू प्रजापति की मौजूदगी में बच्चों को मिठाई व माला पहनाकर सम्मानित किया गया जिनमें से प्रतिभा यादव, शिवानी यादव, साक्षी यादव, .षा मौर्य, जानवी, सौम्या, प्रतिभा, लक्ष्मी, पल्लवी, निशिता, शिवांशी पांडेय, आराध्या द्विवेदी, आकांक्षा यादव, कोमल, शिवानी, अंशिका, .ति, अंशिका सिंह, सुमित कुमार, वंश यादव, अमित अग्रहरि, सौरभ, गीतांश यादव, आदर्श, उत्कर्ष शुक्ला, स्वापिल, पीयूष, अजय, अंकुश, मनोज, श्रेयांश, अस्मित सिंह, ऐमान, काकुस्त आदि बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए डायरेक्टर मनीष प्रजापति ने कहा कि डिजिटल शिक्षा वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है उन्होंने जोर दिया कि कंप्यूटर ज्ञान युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है तथा डिजिटल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एलसीआई भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करता रहेगा। संस्थान




की ओर से डायरेक्टर मनीष प्रजापति ने कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक बच्चों के लिए यह संदेश भी दिया तथा वही चेयरपर्सन नीतू प्रजापति ने कहा कि तकनीकी शिक्षा विस्तार में हमारा संस्थान अग्रणी भूमिका के साथ श्रेष्ठ दर्जे की शिक्षा देने का काम लगातार कर रहा है और हम बेहतर शिक्षा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

# जिले के 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प

## - बच्चों के लिए तैयार सुरक्षित व आकर्षक ज्ञान के केंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को सु.ढ़ करने के उद्देश्य से जिले के 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर बदल गई है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड की कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत शिनहार शांति पाठशाला फनवालाश् और श्सीखो, खेलो और बढ़ोश् पहल के माध्यम से यह कायाकल्प किया गया है। विशेष रूप से हुजूरपुर विकास खंड के 10 केंद्रों का नवीनीकरण कर उन्हें सुरक्षित, आकर्षक और बाल–अनुकूल बनाया गया है। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के तरीके में बड़ा बदलाव– इस पहल के तहत केंद्रों में निर्माण–मरम्मत, फर्श, स्वच्छ पेयजल,



शौचालय और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। बच्चों के लिए विशेष चटाई, मेज और कुर्सियां उपलब्ध कराई गई हैं। कक्षाओं को अधिक रोचक बनाने के लिए श्भवन को सीखने के माध्यम के रूप मेंश् (बाला डिजाइन) विकसित किया गया है, जिससे परिसर की दीवारें भी बच्चों को सिखाने का काम करेंगी। इसके साथ ही बाहरी खेल मैदान और श्कहानी का तालाबश् जैसी नई खेल–आधारित शिक्षण–अधिगम सामग्री (टीएलएम) शामिल की गई है, ताकि बच्चों का मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास हो सके। इसके अलावा सीखो खेलों बढ़ो पहल के तहत बच्चों के पूरे इकोसिस्टम पर काम किया जा रहा है। इसमें अभिभावकों और देखभाल करने वालों को भी जोड़ा गया है, ताकि घर पर भी सीखने का माहौल मजबूत हो सके। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे बच्चों की स्कूल तैयारी और शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने की सराहना– आईसीडीएस की जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा और बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल सिंह ने इसे एक अनुकरणीय प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल शुरुआती शिक्षा में सुधार का एक बेहतरीन और विस्तार योग्य मॉडल पेश करती है। उन्होंने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचे और खेल–आधारित शिक्षा से बच्चों की उपस्थिति और समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, मैरिको लिमिटेड के मुख्य कानूनी अधिकारी अमित भसीन और सेसमी वर्कशॉप इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनाली खान ने कहा कि इस साझा प्रयास का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक माहौल देना है। इससे हर बच्चा आत्मविश्वास के साथ अपनी भविष्य की स्कूली शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेगा।

# औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर जनपद, मिशन एम्प्लॉयमेंट से बदली तकदीर

## - 17094 करोड़ रुपये के निवेश से बदला जिले का स्वरूप

## - बुनियादी ढांचे और उद्योगों को मिले नए पंख

## - 14519 युवाओं के लिए खुले रोजगार के द्वार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कभी पिछड़ेपन और पलायन के लिए पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड के बांदा जनपद की तस्वीर अब पूरी तरह बदल




चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश की नीतियों ने जनपद को औद्योगिक हब के रूप में स्थापित कर दिया है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि बांदा में अब तक कुल 17094 करोड़ रुपये का भारी–भरकम औद्योगिक निवेश धरातल पर उतर चुका है। जिसने जिले के आर्थिक विकास को नई ऊर्जा प्रदान की है। युवाओं के लिए खुला नौकरियों का पिटारा योगी सरकार के प्रयासों के चलते जिले के युवाओं को उनके अपने घर में ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार इस भारी निवेश के माध्यम से अब तक 14519 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रशासन का दावा है कि आने वाले समय में अप्रत्यक्ष रूप से हजारों अन्य परिवारों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी कम हुई है बल्कि युवाओं का महानगरों की ओर होने वाला पलायन भी थमा है। डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस–वे जैसी बड़ी परियोजनाओं ने निवेशकों को किया आकर्षित डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस–वे जैसी बड़ी परियोजनाओं ने बांदा को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है। औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत निवेशकों को मिल रही सब्सिडी और सुविधाओं के चलते लघु एवं बड़े उद्योगों की बाढ़ आ गई है। जहां रोजगार की तलाश में पहले यहां के लोगों को भटकना पड़ता था। वहीं अब योगी सरकार के विजन से बांदा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का रोल मॉडल बनता जा रहा है। सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और स्थानीय स्तर पर अवसरों की उपलब्धता से युवा वर्ग उत्साहित है। बांदा के इस औद्योगिक कायाकल्प को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम माना जा रहा है। जिसने बुंदेलखंड के इस जनपद को निवेश और रोजगार के मानचित्र पर सफलता के झंडे गाड़ने के काबिल बनाया है।

# मातृ शिशु व पोषण दिवस आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। आदेश कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में मातृ शिशु एवं पोषण दिवस प्रत्येक माह के प्रथम गुरुवार को मनाया जाता है इसमें देश भर की आंगनवाड़ी केंद्र पर माता और शिशु को स्वस्थपोषण दिया जाता है सभी स्वयंसेविकाओं ने बड़े उत्साह से इस दिवस को मनाया कार्यक्रम की संयोजिका नीता सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन में 1000



दिन सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण होते हैं जो उनके स्वास्थ्य एवं विकास नी वका कार्य करते हैं माता का बच्चों की शिशु अवस्था में महत्वपूर्ण स्थान होता है। बच्चों का मानसिक शारीरिक बौद्धिक विकास होता है इस अवस्था में उनके खाने–पीने रहन–सहन शैक्षिक स्तरका विशेष ध्यान रखना माता का उत्तरदायित्व है इसमें समय–समय पर पोस्टिक आहार का भी ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विनोद शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, शैल सिंह, नीता सिंह, सुधा भारती, आरती नमिता रस्तोगी तथा समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने मातृ शिशु कार्यक्रम में भाग लेने वाली सहायक अध्यापिका शैल सिंह नीता सिंह द्वारा कार्यक्रम को प्रतिभाग करने वाली छात्राओं अदीबा काजल जयसवाल रूस दा सोनिया जूली स्मृति के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विपक्ष के खिलाफ बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं में आक्रोश

## - जनाक्रोश पद यात्रा के बाद फूंका पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विपक्ष के खिलाफ बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में और विरोधी दलों के खिलाफ सड़कों पर उतरी बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की टूण्डला में बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और विपक्ष के पुतले को भी आग के हवाले कर दिया बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं ने जनआक्रोश पदयात्रा भी निकाली बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्ष ने विश्वासघात किया है इसलिए महिला विरोधी कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकाली है। महिलाओं को एक सोची समझी साजिश के तहत आधी आबादी को विपक्षी पार्टियों ने राजनीतिक भागीदारी से दूर रखा है पुतला दहन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# डीएम को पत्र देकर शिक्षकों को सुगमतापूर्वक तेल मुहैया हेतु की वार्ता

## – महासंघ के प्रयास से बहाल होंगी 65 शिक्षकों का बाधित वेतन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशकों को सुगमतापूर्वक डीजल पेट्रोल सीएनजी उपलब्ध कराये जाने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा के साथ जिलाधिकारी अक्षय



त्रिपाठी से भेंटकर पत्र सौंपकर समस्या के निराकरण हेतु वार्ता की। ज्ञापन के दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल कों अवगत कराया कि आयल कॉर्पोरेशन के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों की बैठक बुलाई गई है। उपरोक्त बैठक में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों के लिए सुगमतापूर्वक डीजल पेट्रोल की उपलब्धता हेतु रूपरेखा भी तैयार होगी। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र नें बताया है कि पूर्ण विश्वास है अब शिक्षक, शिक्षमित्र, अनुदेशकों व कर्मचारियों को सुलभ तरीके से पेट्रोल–डीजल उपलब्ध होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने विकास खण्ड पयागपुर के एफएलएन प्रशिक्षण में मात्र कुछ समय की देरी के कारण बाधित 65 शिक्षकों की अस्थायी वेतन वृद्धि बहाल करवाने के लिए आग्रह किया। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कों बाधित बेतन कों बहाल करने कों कहा गया। श्री वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर ईंधन की भारी किल्लत या समय पर ईंधन न मिल पाने के कारण शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने में कठिनाई हो रही है, जिससे पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है।

# पंचायत चुनाव में देरी पर प्रधानों का प्रदर्शन, कार्यकाल बढ़ाने की मांग

## - तेजवापुर व महसी ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकास खंड तेजवापुर व महसी ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में कार्यकाल बढ़ाने और मनरेगा के बकाया भुगतान को लेकर जोरदार तरीके से आवाज उठाई। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए






अपनी प्रमुख मांगें रखीं। पंचायत विकास मंच के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रधान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले किया जाए। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष भगवानदीन मिश्रा, संरक्षक रामसुंदर पांडे, महामंत्री सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), मंगल दास, विजय शुक्ल, राम छबीले निषाद, राजकुमार राव, तेजवापुर ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह और महसी ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञ नारायण मिश्रा सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के तहत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। उन्होंने बताया कि श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हैं, जिससे सप्लाई करने वाली फर्मों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानों ने कहा कि 26 मई 2026 को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। यदि इससे पहले भुगतान नहीं हुआ तो आर्थिक संकट गहरा सकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई व 19 जुलाई को समाप्त हो रहा है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया अधूरी होने के कारण समय पर चुनाव कराना मुश्किल दिख रहा है। प्रधानों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है। उन्होंने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने दिया जाना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी रहे। पंचायत विकास मंच ने चेतावनी दी कि यदि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति की जाती है तो यह लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगा। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र द्विवेदी, सुरेश त्रिवेदी, अभिषेक शुक्ला, मुतीउल्लाह, शिवराम वर्मा समेत अन्य मौजूद रहें।

# भाजपा ने महिला आरक्षण बिल के समर्थन में अखिलेश व राहुल का फूंका पुतला

## - विपक्ष ने नारी के स्वाभिमान व आत्मसम्मान पर पहुंचाई चोट : कल्लू
## - परिवाद पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं : ममता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विपक्षी पार्टियों द्वारा किये गये विरोध के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव व राहुल गाँधी का पुतला फूँका। भाजपा महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के नेतृत्व में पंव जेएन कालेज से भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में एक विशाल जुलूस निकाला गया जो कि नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन करते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुँचकर सपा मुखिया अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला फूँका। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि आरक्षण बिल गिराकर सपा, कांग्रेस, टीएमसी व डीएमके पार्टी ने महिला विरोधी मानसिकता का असली चेहरा दिखा दिया है अब महिलाओं ने संकल्प लिया है कि वे सड़कों पर निकलकर



विरोधी पार्टियों के भविष्य की सम्भावनाओं को कुचलने का काम करेंगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा वंदना गुप्ता ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पारित न होने देना बहुत ही निंदनीय और घृणित मानसिकता का प्रमाण है। उन्हें देश कि नारी कभी माफ नहीं करेगी। जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और ईडी गठबंधन ने महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास को कुचल दिया है जिसका समय आने पर महिलाएं करारा जवाब देंगी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान व अधिकारों के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम में मालती बासू, विनोद जैन, प्रभा गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, मंजू देवी, निर्मला गौतम, रूपा चौहान, जाग्रति वर्मा, पार्वती गुप्ता, अमित सेठ भोलू, देशराज सिंह, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, निखिल सक्सेना, पंकज रैक्रवार, राजेश गुप्ता, लखन कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# नगदी समेत जेवरात लेकर फरार हुआ किराएदार

## - पुलिस ने किया फर्जी निस्तारण, पीड़ित ने लगाया एसपी से गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के नादादेव गांव के रहने वाले दयानंद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए बताया कि पीड़ित के घर में तीन व्यक्ति किराए से रहते थे जो फेरी करके कपड़े बचते थे तीनों में से नाम एक का इरफान कासिम और अंकित है जो अपने आपको कानपुर नगर बताया था पीड़ित के घर के नीचे वाले कमरे में रहने लगे थे। उक्त तीनों लोग दिन फेरी करते थे। शाम को आते थे 6 मार्च 2026 को समय लगभग 10 बजे दिन में पीड़ित के पिता इरफान व कासिम की मोटरसाइकिल में बैठकर सेंट्रल बैंक पैलानी से 50000 निकलवाने गए थे रुपए निकालने के समय उक्त दोनों लोग भी साथ में गए थे बैंक से रुपए निकाल कर उक्त लोगों के सामने पिता ने मां को रखने के लिए पैसे दिए थे। मां ने उनके सामने ही पैसे ही पैसे रख दिया था उसी दिन शाम को पीड़ित की मां कुंडी बंद करके बगल के घर के बारे में चली गई। कांड पथाने के लिय इसी बीच तीनों लोगों ने मौका पाकर घर की कुंडी खोलकर ताले को तोड़कर 50000 नगद सहित मनचली सोने की कान बिजली चांदी का सामान लेकर फरार हो गए। साथ ही पीड़ित को फोन करके भी 15000 फोन पर में भी मांगे की जरूरत है दो से चार दिन में भेज देंगे यह जानकारी मां ने शाम को दिया। पीड़ित को बताया सुबह ठाना भी गई थी तभी से बराबर थाने के चक्कर लगा रहा है लेकिन जसपुरा पुलिस द्वारा आज तक इसके बावजूद भी कोई जानकारी नहीं की गई न ही आज तक कोई कार्रवाई की गई। पीड़ित



कोई कार्रवाई नहीं की गई। जांच अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण भी किया गया है जबकि उक्त आरोपियों के नंबर भी चालू है पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त लोगों पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजी.त कराया जाए।

# डीएम ने बढ़ते तापमान को लेकर जनपद में हीट वेब हेतु जारी की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्रीष्म ऋतु के गर्मी लू के प्रकोप को लगातार बढते हुए देखकर तथा भू प्रथ्वी मौषम विज्ञान केन्द्र से जारी चेतावनी के अनुसार लगातार ताप बढने के आसार को देखते हुए जनपद में जिलाधिकारी अमित आशेरी ने जनपदवासियों से अपील की है कि लू हीट वेब की स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति पर तत्काल अस्पताल की शरण लें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। ह्वीट स्टोक के लक्षण त्वचा का लाल, गर्म, शुष्क होना गर्मी लगना किन्तु पसीना नहीं आना गर्मी के कारण पल्स का तीव्र होना उथले स्वांस गति का तीव्र होना पर्याप्त मात्रा में पेशाब नहीं जाना सिरदर्द, मतली, थकान, चक्कर आना और कमजोरी होना। गर्मी के कारण असमान्य व्यवहार करना, भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने का अनुभव करना। ह्वीट स्टोक के कारण शरीर में प्रभाव उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों को विशेष रूप से मष्तिष्क को नुकसान पंहुचाता है। ह्रदय की कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव



पड़ता है। लू (गर्मी) से बचाव के लिए धूप से बचें, दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें, अगर जाना जरूरी हो तो छाया में चलें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें, सूती (कॉटन) और हल्के रंग के कपड़े पहनें, सिर को टोपी, गमछा या छाता से ढकें, पानी और तरल पदार्थ अधिक लें, दिन भर में बार–बार पानी पीते रहें। ओआरएस घोल, नींबू पानी, छाछ, लस्सी का सेवन करें, बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखें, संतुलित और हल्का भोजन करें, ताजे फल जैसे तरबूज, खीरा, ककड़ी खाएँ, बहुत ज्यादा तला–भुना और मसालेदार भोजन न लें, घर को ठंडा रखें, दिन में खिड़की–दरवाजे बंद रखें, पर्दे लगाएं, रात में हवा आने दें, पंखा, कूलर या एसी का उपयोग करें, इन चीजों से बचें, खाली पेट धूप में न निकलें, शराब, चाय–कॉफी का अधिक सेवन न करें, ज्यादा मेहनत या व्यायाम धूप में न करें, विशेष ध्यान रखें, बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति जल्दी प्रभावित होते हैं। उन्हें धूप से दूर और ठंडे स्थान पर रखें, लू लगने के लक्षण तेज बुखार, चक्कर आना सिरदर्द, उल्टी शरीर में कमजोरी, बेहोशी आदि लक्षण दिखाई देते हैं। प्रचार माध्यमों पर ह्वीट वेब लू की चेतावनी का अक्षरशः पालन करें। अधिक से अधिक पानी पिएँ, प्यास नहीं लगी हो तब भी थोड़ा थोड़ा पानी पीते रहे। ह्वीट लू तापाघात होने पर बिना देरी किए तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। उल्टी दस्त आदि की शिकायत होने पर तत्काल ओ आर एस का घोल पिएँ। ऐसे में तुरंत छाया में लाएँ, ठंडा पानी पिलाएँ। शरीर का ताप बढने पर गीले वस्त्रों से त्वचा को बार बार पोंछे। अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुमार धर्मेन्द्र ने .षक भाइयों एवं श्रमिकों से अपील की अपने काम के समय में बदलाव कर प्रातः जल्दी काम प्रारम्भ करें तथा दोपहर होते होते समाप्त कर विश्राम करें। दोपहर उपरांत तीन चार बजे ही दुबारा काम प्रारम्भ करें। अपने साथ पानी आवश्य रखें। हो सके तोपानी में ग्लूकोज या नीबू आदि का प्रयोग करें। यात्रियों के लिए भी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों से उपलब्ध टैंकर या कूलर टैंकर का जल पीएं। शरणांलायों में विश्राम कर ही यात्रा पुनर्प्रारम्भ करें। जिला आपदा विशेषज्ञ डा प्रभाकर सिंह ने जनपद में किसी प्रकार से तापाघात के प्रभाव से बचाओ हेतु जिला आपदा कंट्रोल रूम में काल कर त्वरित मदद लेने हेतु अपील की है जिला आपदा कंट्रोल रूम के नम्बर 05192–285260 या ट्रोल फ्री नंबर 1077 पर काल कर त्वरित मदद पा सकते हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी, जागरूकता ही है हम सबकी जिम्मेदारी दारी।

# रिश्वत लेने के आरोप में लेखपाल का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। तहसील क्षेत्र के एक गांव से कथित तौर पर रिश्वतखोरी से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला लेखपाल अपने सहयोगी युवक के साथ कमरे में बैठी दिखाई दे रही है, जहां पैसे के लेन–देन को लेकर बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति स्थापना की अनुमति देने के नाम पर धनराशि मांगने का आरोप है। वीडियो में युवक को अपनी जेब में पैसे रखते और बाद में कुछ नोट कमरे के दरवाजे के पीछे फेंकते हुए देखा जा सकता है। वहीं, वीडियो बना रहे व्यक्ति द्वारा रिश्वत की बात उठाने पर दोनों द्वारा मोबाइल छीनने की कोशिश भी नजर आती है। वायरल वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब और किसने बनाया। इस संबंध में अभी तक किसी पक्ष द्वारा तहसील प्रशासन को लिखित शिकायत भी नहीं दी गई है। उधर, प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के संकेत दिए हैं। तहसीलदार का कहना है कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है और पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# केन आरती के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली केन जल महा आरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन मंगलवार की शाम भूरागढ़ केन घाट पर आयोजित किया गया जिसमें विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं



ने कार्यक्रम को संपन्न किया। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं एवं अन्य गणमान्य लोगों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन भी किया। इसकी जानकारी समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने सभी को दी और बतलाया कि इस अधिनियम से महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण प्राप्त होगा और राजनीति में महिलाओं के लिए काफी अवसरों को प्रदान करेगा। यह महिलाओं के लिए बेहतर होगा साथ ही यह अधिनियम महिलाओं के हित में साबित होगा और महिलाओं को भविष्य में अनेकों रास्तों खुलेंगे जिससे महिलाओं की हिस्सेदारी और भागीदारी बढ़ेगी जिससे महिलाओं का और ज्यादा विकास होगा। इसपर उपस्थित सभी लोगों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया और महिलाओं के उज्जवल भविष्य हेतु कामना की गई। इस दौरान कार्यक्रम में आलोक कुमार निगम जिला सह प्रभारी सौरभ सैनी लोहा सिंह जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहदेव वर्मा सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग शामिल रहे।

# एक मई से न्यायालय के समय में होगा बदलाव

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार 01 मई से 30 जून तक सिविल एवं क्रिमिनल कोर्ट, ग्राम न्यायालय नानपारा व महसी तथा इससे सम्बन्धित कार्यालयों की कार्यालय अवधि में परिवर्तन किया गया है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 मई से 30 जून तक सिविल एवं क्रिमिनल कोर्ट प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खुलेंगे। जबकि कोर्टो से सम्बन्धित कार्यालय प्रातः 06:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक कार्य करेंगे। जारी आदेश के अनुसार पूर्वान्ह 10:30 से 11:00 बजे तक मध्यावकाश रहेगा।

# वार्ड-40 में शफी अहमद निर्विरोध निर्वाचित

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या–40 के सदस्य पद के लिए 16 अप्रैल तक कुल 2 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 20 अप्रैल को एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस ले लिया गया। इसके परिणामस्वरूप शफी अहमद पुत्र अल्लादीन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

# मासूम बच्ची के साथ लड़के ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिले के जसपुरा थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची के साथ 11 वर्षीय लड़के द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी बुधवार को दी। जसपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) ऋषिदेव सिंह ने बुधवार को बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन साल की बच्ची के साथ 11 साल के लड़के द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला मंगलवार की रात दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के अनुसार, उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार की है। उन्होंने कहा कि तीन साल की एक बच्ची को 11 साल का लड़का बहला–फुसलाकर सुनसान जगह ले गया और उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया। एसएचओ ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। अभी आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण और अदालत में बयान दर्ज करवाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0: पीआरवाइजे-सिग-001-2026-27 दिनांक: 20.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/ समन्वय/ उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **14.05.2026** को **12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | निविदा नं. | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | पीआरवाईजे-सिग-001-2026-27 | सूबेदारगंज और प्रयागराज में लगे इंटरकाम आईपी टेलीफोन एक्सचेंज {मैसर्स कोरल टेलीकाम मेक} का आठ वर्षों के शेष कोडल आयु के लिए समग्रह वार्षिक रखरखाव/ मरम्मत अनुबंध। |
| | **अनुमानित मूल्य (₹):** 28,79,985/- | **बिड सिक्योरिटी (₹):** 57,600/- |
| | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 0/- | **कार्य समापन की अवधि:** 96 माह |
| | **निविदा बन्द होने की तिथि:** 14.05.2026 | |
| 2 | **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता** | निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। |
| 3 | **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्योरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्योरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिये। बैंक गारंटी जमा करते समय यह 30प्र0 स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्योरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी। | |
| 4 | **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान** | निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12:30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। |
| 5 | **निविदा की वैधता** | निविदा खुलने के 60 दिन तक |
| 6 | **निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार** | रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। |

877/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को, प्री-ट्रायल बैठक 23 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी ने जानकारी दी कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को प्रातः 10रू00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर इटावा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके सफल आयोजन की तैयारियों के तहत प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों के साथ प्री–ट्रायल बैठक 23 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 4रू30 बजे जनपद न्यायालय इटावा के सभागार में आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित वादों की सूची के साथ प्री–ट्रायल बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में भी समय से सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके।

# सम्प्रेषण गृह से किशोर फरार, एक मिला

## - मजिस्टीरियल जांच जारी, 25 अप्रैल तक मांगे गए साक्ष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने बताया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी की 24 जनवरी की टिप्पणी के आधार पर राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) यूनिट–2, सराय एसर कचौरा रोड से दो विचाराधीन किशोरों के फरार होने की घटना प्रकाश में आई है। प्रभारी अधीक्षक के पत्र के अनुसार, कमर उर्फ जटाशंकर पुत्र भूरा चौहान तथा लव शाहू पुत्र स्व. संतोष साहू प्रथम तल पर बने शौचालय के पास लगी लोहे की ग्रिल तोड़कर शाम करीब 6.05 बजे बाउंड्री पार कर परिसर से फरार हो गए। घटना की जानकारी रात्रि निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को हुई, जिसके बाद तत्काल खोजबीन कराई गई और डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। कार्रवाई के दौरान एक किशोर लव शाहू को रेलवे स्टेशन से बरामद कर पुनः सम्प्रेषण गृह में भेज दिया गया, जबकि दूसरा किशोर जटाशंकर अभी तक लापता है। इस प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश 27 जनवरी के अनुपालन में मजिस्टीरियल जांच की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी, बयान या साक्ष्य हो, तो वह 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

# अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई

## - 20 डम्पर-ट्रक सीज, चला अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना वैध प्रपत्रध्परमिट के वाहन संचालन के खिलाफ पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 20 डम्पर और ट्रकों को



सीज किया गया। अभियान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कानून–व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र के नेतृत्व में थाना बकेवर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग तथा बिना नंबर प्लेट या कालिख लगी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 डम्पर, ट्रक सीज किए गए। इस अभियान में राजस्व विभाग और परिवहन विभाग (आरटीओ) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बिना वैध प्रपत्रध्परमिट के वाहन संचालन न करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# माटीकला प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

## – 15 दिवसीय आवासीय कोर्स, मिलेगी प्रशिक्षुवृत्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित उ०प्र० माटीकला बोर्ड के अंतर्गत माटीकला से जुड़े हस्तशिल्पियों एवं कामगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शासनादेश 20 अप्रैल के अनुसार यह प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा और प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदक का ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना तथा तहसील द्वारा प्रमाणित सूची में नाम होना अनिवार्य है। माटीकला से जुड़े इच्छुक हस्तशिल्पी और कामगार 30 मई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एसडी फील्ड, इटावा से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की पद यात्रा

## - सैकड़ों महिलाओं ने किया प्रदर्शन, विपक्ष पर साधा निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला आरक्षण संशोधन बिल के पारित न होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में




जन आक्रोश महिला पद यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सदर विधायक सरिता भदौरिया और भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। पद यात्रा बलराम सिंह चौराहा से शुरू होकर पक्का तालाब चौराहा होते हुए के.के. डी.सी. कॉलेज पर समाप्त हुई। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पदयात्रा को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि विपक्षी दलों ने सदन में महिला आरक्षण बिल का अपमान किया है। इसी के विरोध में महिलाएं सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश जता रही हैं। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी हैं और 2029 के चुनाव में इसका जवाब देंगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए यह विधेयक लेकर आए थे, लेकिन विपक्ष ने इसे रोकने का काम किया। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम उन्हें नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, मधु तोमर, प्रीति दुबे, नीतू नारायण मिश्रा, नेहा सिंह, तनीशा गुप्ता, ज्योति राव, अनुराधा, निधि पाल, खुशबू, ऋचा मिश्रा, सोनिया चक, श्यामा राजपूत, सीता मिश्रा, सुलेखा तिवारी, अर्चना कुशवाहा, ममता गुप्ता, सीमा शाक्य, वर्षा दुबे, केशवती, विनीता कुशवाहा, ज्योति कुशवाहा, शिवानी राजपूत, ज्योति कठेरिया, .पा नारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, यशवर्धन चौधरी, अमित तिवारी, बासु चौधरी, राजकमल यादव, सुरेश राजपूत, संजू चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# भाजपा नेता ने स्वच्छता अभियान चलाकर कराया ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेयी ने मच्छरों की रोकथाम के लिए गम्भीरता से कदम उठाते हुए सोमवार को बृहद स्वच्छता अभियान चलाया इसके साथ ही एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया, जिसे वह लगातार करा रहे हैं। मंगलवार को दस दिनों के अंदर लगातार दूसरी बार छोटी बड़ी दोनों फागिंग मशीनों से दवा का छिड़काव कराया, उन्होंने पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में शनिवार शाम 3.30 बजे से 6 बजे तक छोटी व बड़ी दोनों फागिंग मशीन से शाहगंज, उझैदी, चौखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, हुई गंज, राजागंज, सीओ चौराहा, सीओ आफिस, राजागंज हाता, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, लालपुरा आंशिक, अकालगंज, कटरा टेक चंद्र, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, अकालगंज गौड़ा, कुंज फाटक आदि मुहल्लों में दवा का छिड़काव कराया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि संचारी रोग एवं मच्छरों की रोकथाम बहुत आवश्यक है इसीलिए लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर ऐंटी लार्वा दवा का लगातार छिड़काव करा रहा हूं साथ ही अप्रैल महीने में दस दिनों के भीतर ही कल लगातार दूसरी बार फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराया है और इसी महीने में तीसरी बार फिर से फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराऊंगा। मच्छरों से मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया जैसी खतरनाक जानलेवा बीमारियां फैलती है इसलिए फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराया है और यह निरंतर जारी रहेगा साथ ही ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी लगातार करा रहा हूं जो लगातार जारी रहेगा, आपके सहयोग से ही क्षेत्र साफ सुथरा



होगा, इसलिए सड़कों पर कूड़ा न फेंकें, कूड़े गाड़ी में ही डालें। पानी को भी एकत्रित न होने दें। मेरे लिए सदैव जनता की सेवा एवं इटावा का विकास ही सर्वोपरि है और हमेशा रहेगा, मैं सदैव आपके साथ हूं इसलिए आप भी मेरा सहयोग कीजिए, विकास के प्रति व जनता की सुविधाओं के प्रति मेरे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर प्रभाकर दीक्षित, उमेश दिवाकर, गुड्डू सोनी, राजेश दिवाकर, अभय मिश्रा, नरसिंह दुबे, राजगुरु, लक्ष्मण प्रसाद, शिवहरि दीक्षित, नितिन जैन, प्रेम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिले में लू का येलो अलर्ट जारी

## - 23 से 26 अप्रैल तक सावधानी बरतने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला प्रशासन ने जनपद में 23 से 26 अप्रैल के बीच हीटवेव (लू) चलने की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों से लू–प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार, दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें और हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा ओआरएस घोल, नारियल पानी, छाछ, लस्सी, नींबू पानी और आम का पन्ना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। सफर के दौरान पानी साथ रखें और समय–समय पर पीते रहें। कमजोरी, चक्कर या अस्वस्थ महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। प्रशासन ने सलाह दी है कि घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दे और शटर का उपयोग करें तथा रात में खिड़कियां खुली रखें। साथ ही रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। लू के दौरान बच्चों और पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। दोपहर के समय भारी श्रम से बचें, बासी भोजन न करें और शराब, चाय, कॉफी व कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के सेवन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। आपदा या किसी आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05688–250077, 297204 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर सूचना दी जा सकती है। यह जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, इटावा द्वारा दी गई।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



न्यूज वाणी ब्यूरो/जनपद अयोध्या के रुदौली क्षेत्र में स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं ने आज 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता रैली निकाली। चारों सदनों के छात्र–छात्राएं निर्धारित रंग के वेश में हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर धरती को बचाने और उसे हरा भरा रखने का संदेश दिया। छात्र रैली का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक श्री आर0 के0 मौर्य के द्वारा हरी झंडी दिखाने के साथ हुआ। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी को हरा भरा रखना, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। छात्र रैली का नेतृत्व स्कूल के हेड बॉय आदित्य कश्यप और हेड गर्ल आराध्या तिवारी स्कूल का ध्वज लेकर कर रहे थे। उनके पीछे हाउस कैप्टन अपने– अपने सदन का ध्वज लेकर छात्र–छात्राएं अनुशासन के साथ पैदल मार्च कर रहे थे। यह रैली रुदौली स्थित कोतवाली पर संपन्न हुई। कोतवाली पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक श्री आर0के0मौर्य ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री अशोक कसौधन जी को पौधा देकर सम्मानित किया। निदेशक श्री पंकज मौर्या ने कोतवाली प्रभारी श्री संजय मौर्य को पौधा देकर सम्मानित किया तथा प्रधानाचार्य श्री सर्वजीत मिश्रा ने क्राइम ब्रांच प्रभारी श्री संतोष यादव को पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक श्री आर0के0 मौर्य अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन हो रहा है, प्रदूषण बढ़ रहा है तथा प्राकृतिक संसाधनों का क्षय हो रहा है। आज आवश्यकता है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी धरती माता को स्वच्छ रखें, उसे हरा भरा बनाएं और उसकी रक्षा करें। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाएं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कोतवाली के अन्य सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। छात्र रैली के अंत में प्रधानाचार्य श्री सर्वजीत मिश्रा ने वृक्षों की शीतल छाया के सुखद अनुभव को बताते हुए पौधों को लगाने और उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधक द्वारा छात्र–छात्राओं को बिस्किट तथा फ्रूटी का वितरण भी किया गया।

# होमगार्ड परीक्षा को लेकर सख्त तैयारी

## - एसएसपी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश होमगार्ड परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा



कर्मचारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने, परीक्षा केन्द्रों पर सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने, अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने, आपसी समन्वय बनाए रखने और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व सजगता के साथ करने के निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीषचन्द्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 41 शिकायतें

## – त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन के प्रार्थना पत्रों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसामान्य की



समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# चौबीस घंटे में दो छात्राएं सकुशल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन मुस्कान और मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिविल लाइन की मिशन शक्ति टीम ने दो गुमशुदा नाबालिग छात्राओं को मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को जीजीआईसी कॉलेज इटावा से दो छात्राएं (काल्पनिक नाम शक्ति और ज्योति) सुबह करीब 9 बजे



बिना बताए कहीं चली गई थीं। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद 21 अप्रैल को थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कराया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम, थाना सिविल लाइन पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। जांच के दौरान सूचना मिली कि दोनों छात्राएं ग्राम जैमलपुर, थाना बकेवर में मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल पहुंचकर दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वे आगरा चली गई थीं, जहां उन्होंने ताजमहल और लाल किला देखा। पैसे खत्म होने पर वे बस से वापस बकेवर स्थित अपने ननिहाल पहुंच गईं। बरामदगी के बाद छात्राओं को महिला पुलिस की निगरानी में रखते हुए आवश्यक परामर्श दिया गया, चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। बाद में विधिक प्रक्रिया पूरी कर बाल कल्याण समिति के निर्देश पर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई में थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक संजय यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार और महिला कांस्टेबल सीमा की अहम भूमिका रही। परिजनों ने पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की।

# जिले में सुशासन व पारदर्शिता के साथ किया जाएगा कार्य : निधि गुप्ता

## - अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ लगातार चलेगा अभियान

## - पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिलाधिकारी के रूप में बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कोषागार में विधिवत कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने जनपद के समग्र विकास और बेहतर प्रशासन का संकल्प लिया। उन्होने कहा कि जिले में सुशासन व पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलेगा। उन्होने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। बताते चलें कि डीएम निधि गुप्ता वत्स इससे पूर्व आगरा एवं लखनऊ में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, हरदोई में मुख्य विकास अधिकारी, बरेली में नगर आयुक्त व अमरोहा में जिलाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उनके अनुभव को देखते हुए जनपद में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च रखते हुए जनपद में सुशासन और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सही तरीके से लागू किया जाएगा। ताकि पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से लाभ पहुंच सके। उन्होंने कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, विकास कार्यों को गति देने और शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही यह भी बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई को विशेष महत्व दिया जाएगा और प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिले में चल रहे अवैध खनन व परिवहन को लेकर पत्रकारों के किए गए सवाल का जवाब देते हुए डीएम ने कहा कि उन्होने अभी जिले का चार्ज संभाला है। जिले की भौगोलिक स्थिति जानने के साथ–साथ अपने अधीनस्थ अधिकारियों से इस पर वार्ता करेंगी। जिले में अवैध खनन व परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्य में लिप्त लोगों को डीएम ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह अपनी आदतों में सुधार कर लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी सदर, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। नवागंतुक जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने न्याय सहायक, सहायक न्याय, साहूकारी लिपिक, विविध, आबकारी/जन सूचना, विविध लिपिक, सहायक लेखा, वाद लिपिक, सहायक राजस्व सहायक, राजस्व सहायक, ज्येष्ठ लेखा, वाद लिपिक, आंग्ल अभिलेखागार, आयुध अनुभाग, मुख्य राजस्व लेखाकार अनुभाग, जिला आपदा प्रबंधन, नजरत आदि का निरीक्षण किया। पटल सहायकों से उनका परिचय लेते हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निर्देश दिए कि सभी पटल सहायक अपने–अपने अलमारी के बाहर पत्रावलियों की सूची रैक के अनुसार चस्पा करें, साथ ही ई–ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों का आदान–प्रदान किया जाये। उन्होंने आयुध अनुभाग में अपर जिलाधिकारी से कहा कि पटाखों व ज्वलनशील सामाग्री बनाने व रखने वाले दुकानों का निरीक्षण कर मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि जनपद मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय में शक्ति रसोई की स्थापना कराए और इसका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कराएं।



# पहलगाम हमले की बरसी पर पांच ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की बरसी पर संस्था सर्व फार ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें पांच लोगों ने रक्तदान किया। मानस रक्तकेन्द्र में लगाए गए रक्तदान शिविर में पांच युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता प्रसून तिवारी ने रक्तदाताओ




का उत्साहवर्धन कर प्रशस्ति पत्र देकर कहा कि आज कल जिले में रक्त की कमी के चलते मरीजो को परेशान होना पड़ता है और युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती। हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। मानस रक्तकेन्द्र में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में पांच रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। जिससे युवा वर्ग ने मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सुभाष, सुयश, शिवम, बालचंद्र शर्मा व महेश पाठक शामिल रहे। इस मौके पर संस्था से गुरमीत सिंह, यश, अभय मिश्रा, शिवम सिंह, ऋतिक व रक्तकेन्द्र से अमन यादव, अनामिका, अंजली, विशाल उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने होमगार्ड परीक्षा तैयारियों का लिया जायजा

## - संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होमगार्ड परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं एएस इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरों की



सक्रियता, सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कैमरे सुचारू रूप से कार्य करें और परीक्षा की निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा कक्षाओं की साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों में रखी अलमारियों की क्रमबद्ध नंबरिंग कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कोई भी कर्मी अनावश्यक रूप से परिसर से बाहर न जाए। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों के लिए नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की भी जानकारी ली और निर्देशित किया कि सभी को समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर अमरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद।

# नारी शक्तिवंदन अधिनियम के विरोध पर भड़की मातृशक्ति

## - भाजयुमो ने पैदल मार्च निकाल फूंका कांग्रेस का पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मार्ग में रोड़ा अटकाने और विपक्षी दलों द्वारा इसके विरोध के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कड़ा प्रतिरोध दर्ज कराया है। बुधवार को मातृशक्ति के नेतृत्व में ठाकुर युवराज सिंह डिग्री कॉलेज से कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंककर अपना विरोध प्रदर्शन किया। पैदल मार्च का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण इस महत्वपूर्ण अधिनियम को पारित नहीं होने दिया, जो सीधे तौर पर देश की आधी आबादी का अपमान है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक विकास गुप्ता, राजेन्द्र पटेल और .ष्णा पासवान, जिला उपाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ज्वालागंज चौराहे पर कांग्रेस का पुतला दहन करने के उपरांत खागा विधायक .ष्णा पासवान ने कड़े शब्दों में विपक्ष की निंदा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि वे नहीं चाहते कि देश की बेटियां सदन में बैठकर नीतियां बनाएं। कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति के साथ विश्वासघात किया है। आज जो पुतला फूंका गया है, वह केवल पुतला नहीं बल्कि कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता के प्रति हमारा आक्रोश है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम इस अधिकार को लेकर रहेंगे और विपक्ष के हर षड्यंत्र को नाकाम करेंगे। विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि भाजपा महिलाओं को नेतृत्व देने के लिए संकल्पित है, जबकि विपक्ष केवल अवरोधक की भूमिका निभा रहा है। पुतला दहन के दौरान जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, पुष्पराज पटेल, सुशील मौर्य, अर्चना त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, अपर्णा सिंह गौतम, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, निशू तिवारी, रेखा मिश्रा, स्वाती ओमर, प्रसून तिवारी, ऐश्वर्या सिंह चंदेल, आलोक सिंह, आशीष तिवारी, बलराम द्विवेदी, सत्यम अग्रवाल, ऋतिक ठाकुर, वंदना द्विवेदी, संगीता द्विवेदी, सुनीता गुप्ता, संजना द्विवेदी, शैलजा राज लोधी, रेखा सरोज, कविता रस्तोगी, अनु सविता, गायत्री सिंह आदि भारी संख्या में महिलाएं और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



# सड़क पर उड़ रही धूल, लोग हो रहे परेशान

## - नौबस्ता रोड का रास्ता बाशिंदो के लिए बड़ी परेशानी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कस्बे के नौबस्ता रोड पर धूल भरा रास्ता बाशिंदों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। यहां रहने वाले लोगों को रोजाना उड़ती धूल का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।

मोहल्ला निवासी कोमल सिंह, बड़का, पिंटू सिंह, पोली तिवारी और उमेश सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने रास्ते में आरसीसी डालकर सड़क बनाने का कार्य शुरू तो किया, लेकिन उसे पूरा करना भूल गए। इसके कारण सड़क कच्ची और धूलभरी बनी हुई है। दिनभर वाहनों की आवाजाही से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं, जो लोगों की सांसों के साथ शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कई लोग खांसी और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। जिम्मेदार विभाग को इस ओर ध्यान देकर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि लोगों को राहत मिल सके और आने जाने में सुविधा हो। निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि बार बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले और आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पालीथीन हटाओ का दिया सदेश

## - पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व पृथ्वी दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,




आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में रेडक्रास चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने जल संरक्षण जागरूकता, पॉलीथीन हटाओ इकोब्रिकस बनाओ, हीटवेव (लू) से बचाव हेतु जागरूकता अभियान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खुशवक्तरॉय नगर व पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि सभा देवीगंज पुल के नीचे आयोजित की। डॉ अनुराग ने सभी बालक बालिकाओं व अध्यापकों को बताया कि पूरी दुनिया मे पीने का पानी सिर्फ एक प्रतिशत है जिसका एक चौथाई ही भारत के पास है, जिसे बचाने के लिए वाटर बेल लगाने, अनावश्यक जल व्यर्थ न बहाने, आरओ से व्यर्थ निकलने वाले पानी को एकत्र कर गृहकार्य में लेने हेतु व पालीथीन हटाने के लिए इकोब्रिकस बनाने हेतु जागरूक किया। सभी अध्यापकों, बच्चों को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक भी इस आशय से दिए गए जिन्हें बच्चों के माध्यम से व्हाट्सएप में भेजकर उनके अभिभावकों को जागरूक करने हेतु दिए गए। साथ ही हीट वेव से बचाव हेतु दोपहर में निकलने से बचने, सिर में कपड़ा या टोपी लगाने, पानी खूब पीने तथा खाली पेट न रहने की सलाह दी। नशे से संबंधित वस्तुओं से दूर रहने की सलाह दी। अंत में सभी बच्चों व अध्यापकों को विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी का संरक्षण करने, जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई इसके बाद देवीगंज पुल के नीचे 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले में मारे गए 26 पर्यटकों की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि दो मिनट का मौन रखकर दी। सम्पूर्ण विश्व से आतंकवाद की समाप्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज मिश्र, अध्यापक शैलेंद्र त्रिपाठी, कुमुदलता, दीपमाला सिंह, आजीवन सदस्य पपिन्दर सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, नमो नारायण गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, विनय कुमार अग्रहरि, पुत्तन बाजपेयी, सुघर सिंह एडवोकेट, सचिन कुमार गुप्ता, शरनपाल सिंह, शिवराम, मंजीत कौर, प्रमोद कुमार अग्रहरि उपस्थित रहे।

## अदालती नोटिस

इत्तिलानाम बनाम रेस्पॉडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख समाअत अपील के मुकर्रर की जाये (आर्डर 41 कायदा 14)

न्यायालय जिला जज महोदय जनपद, फतेहपुर

सिविल अपील सं0– 99 सन् 2025 ई०

मनोज कुमार उम्र करीब 43 साल पुत्र श्री रामकुमार साकिन मौजा–सिधॉव, परगना मुत्तौर, तहसील जनपद फतेहपुर उ0प्र0।

..........अपीलार्थी/वादी

बनाम

1.मनोज कुमार शुक्ला उम्र करीब 59 साल 2. अतुल शुक्ला उर्फ अन्नू करीब 54 साल पुत्रगण स्व0 गुरूदास शुक्ला साकिनान मोहल्ला देवीगंज, शहर व जनपद फतेहपुर। 3.दीपू उर्फ भूपेन्द्र द्विवेदी उम्र करीब 51 साल पुत्र रामकिशोर साकिन मौजा पैनाकला, परगना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उ0प्र0। दीपू नरायण दुबे उम्र करीब 64 साल पुत्र काशी प्रसाद दुबे साकिन मोहल्ला उत्तरी गौतम नगर, शहर व जनपद फतेहपुर उ0प्र0।

.....प्रत्यर्थीगण/प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 22 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय जिला जज महोदय जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम अभय प्रताप पुत्र जवाहर है तथा असली जन्मतिथि 03.05.2008 है। यही वास्तविक नाम व जन्मतिथि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रो में भी अंकित है। जबकि मेरे आधार में मेरा नाम रोहित कुमार व जन्मतिथि 15.03.2009 गलती वश अंकित है। रोहित कुमार व अभय प्रताप दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। इस नाम व पते व वलदियत का कोई दूसरा व्यक्ति नही है। अतः शैक्षिक प्रमाण पत्रो के अनुसार मेरे आधार में मेरा नाम अभय प्रताप व मेरी जन्मतिथि 03.05.2008 अंकित किया जाना न्यायहित में जरूरी है। अभय प्रताप पुत्र जवाहर निवासी ग्राम मीरपुर कुरूस्ती पोस्ट दमापुर जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सय्यद मोहम्मद नईमुद्दीन का जन्म दिनांक 02.04.1996 को घर पर हुआ था। माता का नाम रेहाना बेगम है। अज्ञानतावश सय्यद मोहम्मद नईमुद्दीन का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। सय्यद मोहम्मद नईमुद्दीन के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। सय्यद मोहम्मद नईमुद्दीन पुत्र सैय्यद मोहम्मद कमरूद्दीन निवासी मोहल्ला सात आना चौहान, ग्राम व पोस्ट ललौली तहसील व जिला फतेहपुर 212661

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी रामेश्वरी की मृत्यु दिनांक 03.09.2024 को घर पर हुई थी। अज्ञानतावश मेरी पत्नी का मृत्यु पंजीकरण रजिस्ट्रर में नाम दर्ज नही करा सका था। मेरी पत्नी के मृत्य प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मृत्य प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की होगी। रघुवीर पुत्र राम कुमार निवासी कटका मजरे केशवपुर ब्लाक भिटौरा जनपद फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री नासरा बेगम का जन्म दिनांक 20.04.1975 को घर पर हुआ था। माता का नाम कुरैसा बेगम है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। कुरैसा बेगम पत्नी सिराजुल हसन निवासिनी मोहल्ला नूरगंज, ग्राम व पोस्ट ललौली तहसील व जिला फतेहपुर 212661







# नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराएं होमगार्ड परीक्षा : डीएम

## - अभ्यर्थियों की सुगमता के लिए रेलवे, रोडवेज, टैक्सी स्टैंड में लगाएं बार कोड
## - पुलिस भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा का कराएं रिहर्सल
## - 25, 26 व 27 अप्रैल को प्रत्येक दिवस दो पालियों में होगी परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 के लिखित परीक्षा के . ष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम नवांगत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के सयुंक्त तत्वाधान में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 के लिखित परीक्षा को सकुशल शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाये। परीक्षा से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया कि भर्ती बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए बोर्ड द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा



सम्पन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र प्रभारी पुलिस अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं देख लें जैसे शुद्ध पेयजल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, पंखा व सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि को देख लें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का रूट निर्धारण पहले से कर लें परीक्षा से संबंधित कार्यदाई संस्था सीसीटीवी कैमरे लगवा दे और उनकी क्रियाशीलता की जांच कर लें और अन्य सभी व्यवस्थाएं भी करा लें। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा के पूर्व दिए परीक्षा का रिहर्सल निर्धारित तिथि के अनुसार करा लें साथ ही सभी व्यवस्थाएं दूरस्थ रखें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के आस-पास परीक्षा के दिन फोटोकापी की दुकानें संचालित न होने दे। उन्होंने कहा कि रोडवेज, टैक्सी संचालकों, होटल संचालकों से बात कर अभ्यर्थियों की सुगमता के लिए सभी तैयारी पूर्ण करा ले, साथ ही रोडवेज, रेलवे टैक्सी स्टैंड में एक हेल्पडेक्स स्थापित करा दें ताकि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र जाने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापको से कहा कि सभी व्यवस्थाएं दी गई गाइडलाइन के अनुसार करा लें। परीक्षा कराने के लिए नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों का परिचय पत्र बनवाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दी गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रवेश कराया जाए एवं सघन तलाशी भी कराई। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला कर्मचारी से ही कराई जाय। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता के साथ करे ताकि कोई समस्या न आए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिए गए निर्देशो का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 लिखित परीक्षा जनपद मे 07 केंद्रों में 25, 26 एवं 27 अप्रैल को परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली प्रात 10 बजे से 12 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दो क्लॉक रुम बनाए जाए जिसमें एक अभ्यर्थियों का समान और दूसरे में परीक्षा सम्पन्न कराने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का समान रखा जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, अपर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी, परीक्षा से सम्बन्धित कार्यदाई संस्थाओ के पदाधिकारी, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पानी के टब में डूबकर मासूम की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दूलापुर में बुधवार की दोपहर पानी के टब में गिरकर मासूम बच्चा डूब गया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल आये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर वाले शव लेकर वापस चले गये।

जानकारी के अनुसार दूलापुर गांव निवासी हबीब का पुत्र जुबैर बुधवार की दोपहर खेलते खेलते पानी के टब में जा गिरा। उधर जब इसकी जानकारी परिजनों को हुयी तो मासूम को लेकर तत्काल जिला चिकित्सालय आये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव लेकर वापस अपने गांव चले गये।

# पति से लड़ पत्नी ने खाया जहर, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर निजी हास्पिटल में इलाज के दौरान जहर खाई 26 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना पैंसा गांव शाह नगर निवासी अनिल कुमार की पत्नी रिया देवी ने पति से लड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए खखरेरू थाने के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भाई संदीप निवासी जोलनपुर थाना देवीगंज जनपद के कौशांबी ने हालांकि भाई ने पति व ससुरालीजनों पर कोई आरोप नहीं लगाया।

# महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में बुधवार की सुबह घरेलू कलह के चलते 55 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाने के काशीपुर गांव निवासी सुरेश की पत्नी रंजना देवी ने बुधवार की सुबह घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने महिला की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दुगरेई मोड़ के समीप बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से जा टकरायी जिससे 35 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लहुरी सरांय गांव निवासी महमद अली का पुत्र शहाबुद्दीन बाइक से रिश्तेदार को छोड़ बाइक से घर वापस आ रहा था। जब वह दुगरेई मोड़ के पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से जा टकरायी। जिससे शहाबुद्दीन बुरी तरह घालय हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने तत्काल घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु मरीजों के लिए अलग बने रूम

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। कस्बे के सीएचसी हरदो में बढ़ती गर्मी और हीट स्ट्रोक के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष इंतजाम किए हैं। मरीजों को तत्काल राहत देने के लिए यहां एक अलग कोल्ड रूम तैयार किया गया है, जहां अत्यधिक गर्मी से प्रभावित लोगों का प्राथमिक उपचार किया जाता है। इस कोल्ड रूम में चिकित्सक सुभाष द्विवेदी और आयुष्मान मित्र प्रीतम अवस्थी की निगरानी में मरीजों की देखभाल की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने वार्ड में दो एसी भी लगाए हैं, जिससे तापमान नियंत्रित रखा जा सके और मरीजों को राहत मिल सके। डॉक्टरों का कहना है कि हीट स्ट्रोक के मामलों में समय पर उपचार बेहद जरूरी होता है, इसलिए सभी स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में मंडोली गांव निवासी रामदास का मामला सामने आया, जो तीन दिन पहले खागा आया था। अचानक तेज गर्मी के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे बेचैनी होने लगी। सूचना मिलते ही अस्पताल स्टाफ ने तुरंत उसे कोल्ड रूम में भर्ती कर इलाज शुरू किया। समय पर उपचार मिलने से उसकी हालत में सुधार हुआ और सामान्य होने के बाद उसे वापस गांव भेज दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सरल सोनी ने बताया कि गर्मी से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से इलाज की व्यवस्था की गई है। साथ ही लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# चाय दुकान विवाद : भाजपा पर सांप्रदायिक माहौल बनाने का आरोप

## - बैठक बुलाने व अखिलेश का पुतला फूंकने वाला नदीम पूर्व मंत्री का खास
## - चाय विक्रेता के यहां खाद्य विभाग की छापेमारी को बताया उत्पीड़न की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के चौकी चौराहे स्थित शेषमन चाय की दुकान पर हुए विवाद को लेकर बुधवार को हथगाम के एक गेस्ट हाउस में पूर्व विधायक मोहम्मद सफीर की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। संचालन हुसैनगंज विधानसभा अध्यक्ष



सुघर लाल यादव एडवोकेट ने किया। वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, महासचिव चौधरी मंजर यार, चेयरमैन धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू, पूर्व जिलाध्यक्ष वली उल्ला, विपिन सिंह यादव, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या के सुपुत्र विकल्प मौर्य व आसिफ मकसूद सहित अन्य नेता शामिल रहे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि चाय की दुकान पर हुई मामूली मारपीट की घटना को भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों द्वारा सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। एक वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें प्रेमनगर में आयोजित बैठक के संयोजक नदीम उद्दीन को पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह के आवास पर माल्यार्पण करते हुए दिखाया गया। पूर्व विधायक मोहम्मद सफीर ने कहा कि इजूरा प्रधान नदीम उद्दीन द्वारा बुलाई गई बैठक में अधिकांश लोग भाजपा से जुड़े थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम लोग बहकावे में वहां पहुंचे, जिन्होंने बाद में सफाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि एक प्रधान द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए गए, जो अस्वीकार्य हैं। सपा नेताओं ने अखिलेश यादव का पुतला जलाए जाने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि नदीम उद्दीन पहले ही भाजपा से जुड़ चुके हैं और खुद को समाजवादी बताना भ्रामक है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि शेषमन चाय विक्रेता के यहां खाद्य विभाग की छापेमारी को उत्पीड़न की कार्रवाई बताया गया। उनका कहना था कि अखिलेश यादव द्वारा चाय पीने के बाद से चाय विक्रेता को निशाना बनाया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि भाजपा यादव और मुस्लिम समुदाय के बीच दूरी बनाने की कोशिश कर रही है, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने पीडीए के जरिए समाज को एकजुट करने की बात कही और 2027 में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने का दावा किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, यासिर सफीर, मो. आजम, जैद सफीर, राम बाबू यादव, मो. ताहिर, वीरेंद्र सिंह, रिजवान अहमद, सुशील यादव, परवेज आलम, केके सिंह, अजीत सिंह, अंकित यादव, दारा यादव और मोनू यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शमशाद के घर गए सपा नेता, मांगी माफी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पिछले सोमवार को प्रेमनगर में हुई बैठक के दौरान हथगाम नगर के शमशाद अहमद जैसे ही प्रेस कॉन्फ्रेंस हाल में पहुंचे चेयरमैन धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू और उनके समर्थक भड़क गए क्योंकि शमशाद ने अखिलेश यादव का पुतला फूंका था। थोड़ी देर बाद स्थिति संभाली गई। सपा जिलाध्यक्ष, महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष, छात्र सभा अध्यक्ष और स्वयं चेयरमैन शमशाद अहमद के आवास गए और कहा कि चूंकि वे अखिलेश यादव को अपना भगवान मानते हैं इसलिए पुतला जलाने वाले का चेहरा सामने आने पर वे भावावेश में आ गए जिसके लिए वे खेद प्रकट करते हैं। दरअसल वीडियो में पुतला दहन करते हुए शमशाद का चेहरा आने पर सपाइयों में पहले से आक्रोश भरा था जो प्रेस कॉन्फ्रेंस में शमशाद के पहुंचने पर फूट पड़ा। शमशाद अपनी गलती मानने और सफाई देने पहुंचे थे लेकिन तब तक उनके ऊपर गुस्सा फूट पड़ा।

# नन्हे छात्रों का बड़ा संकल्प, धरती बचाने की गूंज

## – प्रताप इंटरनेशनल स्कूल सिधांव में मनाया पृथ्वी दिवस



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बहुआ क्षेत्र स्थित प्रताप इंटरनेशनल स्कूल सिधांव में बुधवार को पृथ्वी दिवस उत्साह व जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। विद्यालय में पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं नाट्य कला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश देते हुए सभी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की खास बात नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति रही, जिसमें उन्होंने पेड़, सूर्य और बादल का रूप धारण कर दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी मासूम अभिव्यक्ति ने यह स्पष्ट किया कि आने वाली पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग है। विद्यालय की प्रिंसिपल निशा अवस्थी ने बताया कि पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक ऐसा अवसर है, जब छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल और सार्थक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल बच्चों के ज्ञान में वृद्धि करती हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में शिक्षक अभिमन्यु सिंह, मनीष कुमार, दीपेंद्र सिंह, शादाब, मधु, नेहा, दीपिका, पूजा ज्योति, साक्षी, ललिता, कमलेश, आदित्य, स्नेहा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# किसान के घर में लगी आग से जमापूंजी जलकर राख

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के जनान तारा मजरे गढ़ा में आग लगने से गरीब किसान का सब कुछ जलकर राख हो गया। बुधवार की सुबह दस बजे वीरेंद्र निषाद के घर के पीछे रखे सरपत से अचानक लगी भीषण आग ने एक गरीब किसान की जिंदगी भर की जमा-पूंजी को पल भर में राख कर दिया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते किसान के घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो गये। पीड़िता आशारानी के अनुसार उस समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। पति विरेन्द्र निषाद भैंसों को चराने गए थे बेटा किसी काम से बाहर गया हुआ था। आस-पास के लोग व ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज़ हवा के कारण लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसान के सामने अब जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सके।




## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी शमसुन निशा पत्नी आजतेरब अहसास, निवासी 428 मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री शबनम खान पुत्री एज्तेराब एहसास का (जन्म दिनांकः 14/11/1978) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी शमसुन निशा पत्नी आजतेरब अहसास पताः निवासी 428 मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जुम्मन शरीफ खान पुत्र शरीफ खान, निवासी मकान नं. 1255, मोहल्ला सात आना बड़ी बखरी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री सनाया खान पुत्री जुम्मन खान का (जन्म दिनांक 15/03/2015) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी जुम्मन शरीफ खान पुत्र शरीफ खान पताः मकान नं. 1255, मोहल्ला सात आना बड़ी बखरी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सन्नो बेगम पत्नी मो अनीस खान, निवासी मोहल्ला नसीरखानी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री सना पुत्री मो अनीस सिद्दीकी का (जन्म दिनांक 26/01/2008) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी सन्नो बेगम पत्नी मो अनीस खान पताः निवासी मोहल्ला नसीरखानी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सन्नो बेगम पत्नी मो अनीस खान, निवासी मोहल्ला नसीरखानी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्र अकबर पुत्र मो अनीस सिद्दीकी का (जन्म दिनांक 02/02/2011) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी सन्नो बेगम पत्नी मो अनीस खान पताः निवासी मोहल्ला नसीरखानी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फहमीदा बेगम पत्नी बदरुद्दीन, निवासी मोहल्ला सात आना अल्ली बाबा, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्र असद खान पुत्र बदरुद्दीन खान का (जन्म दिनांक 27/08/2013) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी फहमीदा बेगम पत्नी बदरुद्दीन पताः निवासी मोहल्ला सात आना अल्ली बाबा, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फहमीदा बेगम पत्नी बदरुद्दीन, निवासी मोहल्ला सात आना अल्ली बाबा, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्र फैजान खान पुत्र बदरुद्दीन खान का (जन्म दिनांक 16/06/2015) को निजी आवास में हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी फहमीदा बेगम पत्नी बदरुद्दीन पताः निवासी मोहल्ला सात आना अल्ली बाबा, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )